हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 26 अप्रैल 2024



### मतदान कराने 15 हजार कर्मचारियों को जिम्मा, सीमाओं पर सुरक्षा बल तैनात

# लोकसभा के 18.68 लाख मतदाता चुनेंगे सांसद, 2330 बूथ पर मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शामिल राजनांदगांव लोकसभा सीट पर आज मतदान होना है। अपना अगला सांसद चुनने के लिए लोकसभा क्षेत्र के 18.68 लाख मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इनमें 58568 नए मतदाता पहली बार लोकसभा चुनाव में वोट करने वाले हैं। मतदान के लिए पूरे लोकसभा क्षेत्र में 2330 बूथ बनाए गए हैं। जिनमें मतदान कराने से लेकर उसकी सुरक्षा की व्यवस्था करीब 15 हजार कर्मचारी संभालेंगे। मोहला-मानपुर विधानसभा को छोड़कर सभी सात विस में सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में 76.04 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया था।

इधर मतदान दिवस से पहले गुरुवार को मतदान कर्मियों को मतदान सामग्री का वितरण किया गया। राजनांदगांव जिले के साथ ही खैरागढ़, मोहला-मानपुर और कवर्धा जिले में भी दलों को रवाना किया गया। इसके साथ ही पुलिस की टीमों को भी गश्त के साथ ही सीमा पर तैनात कर पहरेदारी बढ़ा दी गई है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में तीन सीटों पर दूसरे चरण में मतदान होने हैं। इनमें महासमुंद, कांकेर के साथ राजनांदगांव लोकसभा शामिल है। आज मतदान से पहले स्थानीय निर्वाचन विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। राजनांदगांव लोकसभा से पूर्व सीएम भूपेश बघेल के कांग्रेस प्रत्याशी बनाए जाने से यह सीट हाइप्रोफाइल बन गई है। इनका मुकाबला वर्तमान सांसद और भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे से है। इनके अलावा अन्य 13 प्रत्याशी भी अपना भाग्य इस चुनाव में आजमा रहे हैं। ज्ञात हो कि लोकसभा चुनाव को लेकर 24 अप्रैल की शाम 6 बजे प्रचार का दौर भी समाप्त हो गया था। पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी में मतदान सुबह 7 से शाम 6 बजे तक एवं मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदान सुबह 7 से अपरान्ह 3 बजे तक संपन्न होगा। मतगणना मंगलवार 4 जून को सुबह 8 बजे से होगी।



### 339 संवेदनशील, 8 अतिसंवेदनशील

लोकसभा क्षेत्र में कुल 2330 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 339 बूथ संवेदनशील और 8 बूथों को अतिसंवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। इनमें राजनांदगांव जिले के 840 बूथ में से 316 बूथ संवेदनशील, कवर्धा के 804 बूथों में से 11 संवेदनशील, खैरागढ़ जिले के 380 मतदान केंद्र में से 4 और मोहला-मानपुर जिले के 306 बूथों में से 8 संवेदनशील और 8 अतिसंवेदनशील बूथ हैं। इस लोकसभा चुनाव में मोहला-मानपुर के 24 मतदान केंद्रों को दूसरे स्थान पर भी शिफ्ट किया गया है।

### इन प्रत्याशियों के बीच चुनाव

बसपा से देवलाल सिन्हा, कांग्रेस से भूपेश बघेल, भाजपा से संतोष पांडेय, शक्ति सेना से नारद प्रसाद निषाद को गैस सिलेंडर, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी रमेश राजपूत को बांसुरी, न्याय धर्म सभा रामफल पाटिल को हीरा, हमर राज पार्टी श्रीमती ललिता कंवर को बाल्टी, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी लाखन सिंह टंडन को नारियल फार्म तथा निर्दलीय अजय पाली को गन्ना किसान, त्रिवेणी पडोती को ऑटो-रिक्शा, इंजी. बसंत कुमार मेश्राम को चारपाई, भुवन साहू को सीसीटीवी कैमरा, विशेष धमगाये को सिलाई की मशीन, एएच सिद्दीकी को सीटी, सुखदेव सिन्हा को अलमारी प्रतीक चिन्ह आबंटित किया गया है।

### महिलाओं का वोट बनेगा निर्णायक

राजनांदगांव लोकसभा में पुरूष से अधिक महिला मतदाताओं की संख्या है। कुल 1868021 मतदाता में 938334 महिलाएं एवं 926679 पुरूष मतदाता शामिल हैं। लोकसभा के पांच विधानसभा पंडरिया, कवर्धा, राजनांदगांव, खुज्जी और मोहला-मानपुर में महिला वोटर की संख्या पुरूष से अधिक है। शायद यही कारण है कि भाजपा जहां महतारी वंदन योजना के जरिये महिलाओं को अपनी तरफ करने में जुटी रही। वहीं कांग्रेस भी महालक्ष्मी न्याय योजना के जरिये महिलाओं का साथ पाना चाहती है।

### कवर्धा विस में सर्वाधिक मतदाता

लोकसभा की आठ विधानसभा में सर्वाधिक मतदाता कवर्धा विस में है। यहां कुल 334707 वोटर हैं। ऐसे ही पंडरिया विस में 318731, खैरागढ़ विस में 222358, डोंगरगढ़ विस में 211185, राजनांदगांव विस में 213846, डोंगरगांव विस में 204521, खुज्जी विस में 192338 और मोहला-मानपुर विस में कुल 170295 मतदाता हैं। पूरे लोकसभा में 18-19 आयु वर्ग के 58568 मतदाता, 20 से 29 उम्र वाले 448925 मतदाता, 17208 दिव्यांग, 85 से अधिक उम्र के 5906 मतदाता और 100 से अधिक उम्र वाले 163 वोटर हैं।

### इन दस्तावेजों से कर सकेंगे मतदान

मतदान करने के लिए वोटर आईडी रखना जरूरी नहीं है। इसके अलावा भी करीबन दर्जनभर दस्तावेज हैं, जिनको दिखाकर आप अपना मतदान कर सकते हैं। इनमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉबकार्ड, ड्राइविंग लाईसेंस, पेनकार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र-राज्य सरकार द्वारा कर्मचारियों को जारी पहचान पत्र, बैंक-डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक जैसे दस्तावेज शामिल हैं।

# बंटने आया कांग्रेस का पैसा पकड़ाया, पौने 2 लाख जब्त

### भिलाई का 1 युवक गिरफ्तार, डोंगरगढ़ में कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोकसभा चुनाव को लेकर आज होने वाले मतदान से ठीक एक दिन पहले एफएसटी की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। जिले के डोंगरगढ़ में कांग्रेसी बूथ अध्यक्षों को बंटने के लिए कुल पौने दो लाख रुपए जब्त किए गए हैं। इनमें पहली कार्रवाई में छह लिफाफे जिनमें कुल 60 हजार रुपए को टीम द्वारा पकड़ा गया है। इसके अलावा भी एक अन्य कार्रवाई में करीबन 113287 रुपए जब्त किए गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार लोकसभा निर्वाचन में कांग्रेस पक्ष में वोट डलवाने हेतु वाहन में पैसा परिवहन होने की सूचना पर एफएसटी टीम के दल प्रभारी संजय बोपचे ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अपनी टीम के साथ एवं थाना प्रभारी निरीक्षक सीआर चंद्रा, उप निरीक्षक शंकर गिरी गोस्वामी द्वारा मौके पर शिवाजी होटल के पास पहुंचे, जहां उन्होंने कार वाहन क्रमांक सीजी-08-5712 को रोककर चेक किया।

चेकिंग के दौरान वाहन में कुल 6 नग लिफाफा पाया गया। इन लिफाफों में प्रत्येक में 10000-10000 रुपए यानि कुल रकम 60000 पाया गया, जिसे टीम ने जब्त कर लिया है। इस मामले में एफएसटी एवं पुलिस की टीम ने वाहन चालक सोनुराम साहू ग्राम ढाबा पोस्ट टप्पा तहसील डोंगरगांव एवं उसके साथ बैठे बिसम्बर ग्राम तिलईरवार पोस्ट टप्पा तहसील डोंगरगांव को लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस के पक्ष में वोंट देने हेतु कांग्रेस पार्टी के बूथ कार्यकर्ताओं को बांटने आना बताने पर उक्त रकम को विधिवत बरामद किया।




### संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

एफएसटी और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा दो प्रकरण में कार्रवाई करते हुए एक लाख 73 हजार 287 रुपए जब्त कर कार्रवाई की गई है।

- सीआर चंद्रा, थाना प्रभारी, डोंगरगढ़

### टीम के साथ विवाद भी

बताया गया कि गुरुवार को की गई इस कार्रवाई के दौरान लोकेन्द्र सिंग द्वारा अपने पैसा को जब्त किए हो कहकर एफएसटी दल के साथ पैसा वापस करने की धमकी देकर वाद-विवाद भी किया गया। वाद-विवाद करने पर शांति भंग होने व संज्ञेय अपराध की घटित होने के अंदेशा पर अनावेदक के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किया गया है।

### एक अन्य मामले में भी कार्रवाई

इसी प्रकार सफारी वाहन क्रमांक सीजी-04-एचसी-8469 को चेक करने पर वाहन में कुल 113287 मिलने पर लोकेन्द्र सिंग 52 साल निवासी नेहरू नगर जिला दुर्ग से पूछताछ करने पर उक्त रकम को राजनांदगंव लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस के पक्ष में वोट देने हेतु कांग्रेस पार्टी के बूथ कार्यकर्ताओं को बांटने आना बताने पर उक्त रकम को विधिवत बरामद किया गया है।

### एग्जिट पोल के संबंध में अधिसूचना जारी

**राजनांदगांव।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एग्जिट पोल के संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत 18 अप्रैल को पूर्वान्ह 7 बजे से 1 जून को शाम 6.30 बजे के बीच की अवधि को निर्गम मत सर्वेक्षण हेतु प्रतिबंध अभिसूचित किया गया है। आदेशानुसार कोई भी व्यक्ति इस दौरान कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का ऐसी अवधि के दौरान प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, चलचित्र, टेलीविजन या वैसे ही अन्य साधित्रों द्वारा जनता के समक्ष किसी भी प्रकार की अन्य रीति में प्रसार नहीं करेगा।

## खबर संक्षेप

### मतदान दिवस को सवेतन अवकाश घोषित

- श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा देने के निर्देश

**राजनांदगांव।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने जिले के अंतर्गत आने वाले कारखानों, कारोबार व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापना में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान दिवस 26 अप्रैल को सवेतन अवकाश घोषित किया है। ऐसे कारखाने जो सप्ताह के सात दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के दिन 2-2 घंटे का अवकाश घोषित किए जाने तथा जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते हैं, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा देने कहा है। साथ ही पड़ोसी राज्यों आंध्रप्रदेश, उड़ीसा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, झारखंड एवं तेलंगाना राज्य के बहुत से मतदाता जो छत्तीसगढ़ में निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार व व्यवसाय में नियोजित है, ऐसे नियोजित व कार्यरत संबंधितों को भी उनके गृह राज्य के मतदान दिवस के दिन सवैतनिक अवकाश प्रदान करने कहा गया है।

## माय एंगल




# चुनाव व शादियों में लगे सात सौ वाहनों का अधिग्रहण, यात्री बेबस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोकसभा चुनाव के लिए जहां लगभग साढे चार सौ बस एवं तीन सौ छोटे वाहन अधिग्रहित किए गए हैं। वहीं इन दिनों लगातार हो रहे वैवाहिक मुहूर्त के बीच बारात के लिए यात्री वाहनों की बुकिंग चल रही है। जिससे आम यात्रियों को हलाकान होना पड़ रहा है। गिने-चुने चल रहे बसों में भीड़ की स्थिति निर्मित हो रही है।

ज्ञात हो कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रशासन ने चार जिले में लगभग साढे चार सौ यात्री बस एवं लगभग तीन सौ छोटे वाहनों को 24 अप्रैल से 27 अप्रैल तक के लिए अधिग्रहित किया गया है। वहीं इस माह लगातार वैवाहिक मुहूर्त के चलते भी बसों की बुकिंग की जा रही है। जिसके चलते यात्री वाहनों की कमी सड़कों पर बनी हुई है। वैवाहिक आयोजनों व अन्य कार्यों से आवागमन करने वालों को बस स्टैंड में घंटों वाहनों का इंतजार करना पड़ रहा है। वहीं बसों में निर्धारित संख्या से अधिक लोगों की सवारियां कराई जा रही है।

ज्ञात हो कि अप्रैल माह में गिने-चुने वैवाहिक मुहूर्त है। 18 अप्रैल से शुरू हुआ वैवाहिक मुहूर्त 26 अप्रैल तक चलेगा। जिसके चलते इन दिनों शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में वैवाहिक आयोजनों की धूम है। भीषण गर्मी के बीच शहर सहित ग्रामीण इलाकों में इन दिनों हो रहे वैवाहिक आयोजनों में शामिल होने लोगों का आवागमन भी बढ़ा हुआ है। बाजे-गाजे एवं बारात पार्टी में लोगों की व्यस्तता बनी हुई है। अब गिने-चुने वैवाहिक मुहूर्त हैं। जिसके चलते बड़ी संख्या में वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### यात्रियों की भीड़

वैवाहिक मुहूर्तों के चलते लोगों की बढ़ी आवाजाही से यात्री वाहनों में निर्धारित संख्या से अधिक लोगों की सवारियां कराई जा रही है। बताया गया कि कई यात्री वाहन वैवाहिक कार्यक्रम में बुक हो रहे हैं। लिहाजा यात्री वाहनों की भी कमी महसूस की जा रही है। जिसके चलते लोगों को परेशान भी होना पड़ रहा है। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के यात्री वाहन स्थानकों में यात्रियों को वाहनों का इंतजार करते देखा जाने लगा है। खासकर ग्रामीण मार्गों में आवाजाही करने वालों की संख्या अधिक देखी जा रही है। इधर ट्रेनों में भी इन दिनों भीड़ का माहौल है। स्थानीय रेलवे स्टेशन में इन दिनों भीड़ का वातावरण निर्मित है।

### वैवाहिक आयोजनों की धूम

ज्ञात हो कि गर्मी के मौसम में ग्रामीण इलाकों में वैवाहिक आयोजन अधिक किए जाते हैं। लिहाजा इन दिनों ग्रामीण इलाकों में सर्वाधिक वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, इसलिए ग्रामीण इलाकों में आवागमन करने वाले यात्री वाहनों में अधिक भीड़ देखी जा रही है। बताया जा रहा है कि मई एवं जून में वैवाहिक मुहूर्त नहीं है, इस वजह से भी इन दिनों पड़ने वाले मुहूर्त पर ही कई परिवार वैवाहिक आयोजन करने जुटे हुए हैं। इधर वैवाहिक आयोजनों के चलते ग्रामीण सहित शहरी इलाकों में चहल-पहल का वातावरण निर्मित है।









## खबर संक्षेप

### धूमधाम से मनाया हनुमान जन्मोत्सव



**बोईरडीह।** खैरागढ़ विकासखंड की ग्राम पंचायत बोईरडीह में जय हनुमंते मानस मंडली एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम सुबह भगवान हनुमान के अभिषेक के बाद विधि विधान से पुजा अर्चना किया गया। समिति के लोगों सहित भक्तों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। दोपहर को समिति ने रामायण की प्रस्तुति दी। इस मौके पर अध्यक्ष बालमुकुंद वर्मा ने कहा कि सभी को हनुमान जी की तरह कोमल हृदय मृदभाषी तथा समर्पित होकर कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर दुर्योधन वर्मा, संतराम वर्मा, राम अवतार, राधेलाल, मनोहर वर्मा, संतोष वर्मा, जगन्नाथ, शंकरलाल, मंथीरदास, भूपेंद्र, राकेश, मुरली, भुवन वर्मा, ताराचंद वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### निकली मलेरिया उन्मूलन रैली



**जंगलपुर।** विश्व मलेरिया दिवस पर गुरूवार को कोटरासरार में ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति ने मलेरिया उन्मूलन रैली निकाला। रैली में मलेरिया से बचाव हेतु मच्छरदानी का उपयोग करने, आसपास सफाई रखने, गड्ढों में गंदा पानी जमा न होने देना के बारे में बताया गया। रैली में महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता खुशबू साहू, चामेश्वरी ठाकुर, मितानिन बबीता साहू, दुलारी साहू, शारदा सिन्हा व ग्रामवासी शामिल हुए।

## मतदान दल पहुंचा बूथों में, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, अंत तक प्रचार में जुटे रहे कार्यकर्ता

# लोकतंत्र का त्यौहार आज, वोटर तय करेंगे जीत-हार






हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

लोकसभा के लिए कल शुक्रवार को मतदान होगा। क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों में मतदान कराने की सभी तैयारी पूरी कर लिया गया है। मतदान दल पहुंच गया है। राजनीतिक दल के अलावा प्रशासन ने सभी से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील किया है। निर्वाचन आयोग द्वारा सभी मतदान केन्द्र के बीएलओ को पंडाल लगाकर छाया, बैठक व्यवस्था, पानी, कूलर, कुर्सी आदि सुविधा मुहैया कराने का निर्देशित किया है। कल सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा।

जानकारी के अनुसार मतदान केंद्र पर नजर रखने के लिए कुछ मतदान केन्द्रों में वेब कैमरा लगाया गया है। जानकारी अनुसार चकनार, ठंडार, मानपुर, जंगलपुर, रैमडवा, जगमडवा, संड़ी, ओटेबंद, गुमानपुर, घिरघोली, भरदा गोड़, खोंघा सहित कुछ अन्य मतदान केन्द्रों में वेब कैमरा लगाया गया है। कल होने वाले लोकसभा चुनाव को सुचारू रूप से कराने जांच चौकी में चौकसी बढ़ा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव को शांति पूर्ण तरीके से कराने के लिए राज्य, जिला एवं थाना सरहद के मध्य जांच चौकी बनाया गया है। अतरिया गंड़ई मार्ग तथा नर्मदा साल्हेवारा मार्ग में स्थैतिक जांच चौकी है। यहां माह भर से वाहनों की जांच की जा रही है। बुधवार से इन चौकी में अतरिक्त सुरक्षा दल तैनात किया गया है तथा जांच का दायरा बढ़ा दिया गया। गुजरने वाले सभी वाहनों की जांच किया जा रहा है।

### शादियों से मतदान हो सकता प्रभावित

कल शुक्रवार को विवाह का मुहूर्त है। लगभग सभी गांव में एक या दो घरों में बारात आने या जाने वाली है। वैवाहिक कार्यक्रम वाले घरों में अन्य गांव से लोग आए या गए हैं। वैवाहिक कार्यक्रम में व्यस्तता के चलते मतदान प्रभावित होने की संभावना है।

### किसानों का बिजली बिल माफ होगा

पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने दावा किया है कि जनता ने नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है। इसी प्रकार 5 सालों तक विकास की गंगा बहाने वाले भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय को भारी बहुमत से जीतने का किसान, महिला, गरीब एवं युवाओं ने अपना मन बना लिया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार दिया वहीं विष्णुदेव साय सरकार ने धान 3100 रुपये प्रति क्विंटल में खरीदने के बाद अंतर की राशि का एकमुश्त भुगतान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर किसानों का बिजली बिल भी माफ होगा

### महिलाओं के बीच पहुंचे ननि अध्यक्ष



**छुईखदान।** रायपुर नगर निगम के अध्यक्ष प्रमोद दुबे ने यहां पहुंचकर महिलाओं से मुलाकात किया। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल को गरीबों का मसीहा बताते हुए सभी से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के राज में सभी वर्ग के लोग परेशान हैं। महंगाई चरम पर है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में जब भूपेश बघेल की सरकार थी तब सभी को 35 किलो चावल मिलता था जिसे बंद कर दिया गया। चार सौ यूनिट तक बिजली बिल हाफ था वह भी बंद होने वाला है। संचालन जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सज्जाक़ खान और आभार प्रदर्शन छोटे राजा देवराज किशोर दास ने किया। कार्यक्रम में वार्ड एक, दो, तीन, चार, नौ, पांच की लगभग तीन सौ महिलाएं शामिल हुई। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष ललित महोबिया, गुलशन तिवारी, राजू ठाकुर, हेमंत वैष्णव, कमलेश यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

### दल पहुंचा, आज होगा मतदान

**घुमका।** इस क्षेत्र में कल होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी पूरी कर लिया गया है। क्षेत्र के 83 मतदान केन्द्रों में गुरूवार को दल भी पहुंच गया है। सभी मतदान केन्द्र सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर लिए गए है। तहसीलदार सोनित मेरिया ने बताया कि तहसील क्षेत्र में 93 मतदान केंद्र है जहां मतदान दल सकुशल पहुंच गया है। केन्द्र में मतदान दल एवं मतदाताओं के लिए प्राथमिक उपचार की सुविधा उपलब्ध कर दी गई है। छांव का भी प्रबंध किया गया है। टीआई विनय कुमार पम्मार ने बताया कि थाना क्षेत्र में 49 मतदान केंद्र है जहां सुरक्षा बल तैनात कर दिया गया। बल क़ो सेक्टर में बाँट कर मतदान केदो की निगरानी की जा रही है। सुरक्षा की दृष्टि से लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है। राजस्व निरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि ईवीएम में फाल्ट आने पर कंट्रोल रूम को सूचित करने पर तत्काल दुरुस्त किया जाएगा। सचिव धनेन्द्र सुलाखे ने बताया कि मतदान केंद्र में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है।

### पूर्व विधायक ने गांव-गांव में दिया दस्तक

पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने गत दिनों कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के पक्ष में ब्लॉक के 46 गांवों में डोर टू डोर पहुँच कर समर्थन मांगा। उन्होंने प्रत्येक गांव में भूपेश बघेल के कामों की याद दिलाते हुए कांग्रेस की पांच न्याय गारंटी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर महालक्ष्मी योजना के तहत गरीब महिला को प्रति माह 8333 रुपए, मनरेगा के मजदूरों को 400 रुपए रोजी, युवाओं को रोजगार के अवसर दिया जाएगा। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष रतन यादव, सौरभ वैष्णव, अमित राजपूत, रामकांत साहू, पीयूष दुबे, चंद्रेश वर्मा, जयकुमार वर्मा, फूलमती वर्मा, कल्पना साहू, पार्वती साहू, ललित चांदतारे, दिनेश पुराणिक, मनोज वैष्णव, राकेश वर्मा, खेमचंद, पप्पू वर्मा, कमल बंजारे, टुमलाल वर्मा, चुन्नी साहू, कमलनारायण साहू, राजेश शान, उग्रसेन साहू, नागेन्द्र मार्कण्डेय, माहरा पाटिला सहित अन्य उपस्थित थे।

### परिणाम पर रहेगी सबकी नजर



**डोंगरगांव।** नई लोकसभा के लिए कल शुक्रवार को मतदान होना है। तहसील क्षेत्र में मतदान की सभी प्रशासनिक तैयारी पूरी कर लिया है। कल शुक्रवार को सुबह मतदान आरंभ होगा। यहां होने वाले चुनाव के परिणाम पर सभी की नजर रहेगी। उल्लेखनीय है कि कुछेक मौकों को छोड़कर इस विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को जीत मिलते रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में अप्रत्याशित तौर पर भाजपा कड़े मुकाबले में आ गई थी किन्तु जीत कांग्रेस को मिली है। लोकसभा के लिए होने जा रहे चुनाव में मुकाबला कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और भाजपा के मौजूदा सांसद संतोष पांडे के बीच है। अधिसूचना जारी होने और नामांकन के बाद से प्रत्याशी और उनके समर्थकों ने प्रचार के अलावा मतदाताओं को विभिन्न माध्यमों से आकर्षित करना शुरू कर दिया था।इस कोशिश में कौन कितना कामयाब रहा इसका खुलासा आगामी 4 जून को मतगणना के बाद होगा। कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के पक्ष में ग्राम खैरी, कोपेड़ीह, नाथू नवागांव, झिटिया, खपरीकला पहुंच कर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष गुलाब वर्मा, राकेश ठाकुर, मेहुल मारू, पुरुषोत्तम वर्मा, हीरामन महेश्वरी, भुवाल साहू ने जनसंपर्क किया। उन्होंने मतदाताओं से मुलाकात कर कांग्रेस को जिताने का आव्हान किया।

# छूट से व्यापारियों को लाभ, मंडी की आय में अपेक्षित वृद्धि नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

भाजपा सरकार ने मंडी शुल्क को 5 प्रतिशत से कमकर 2 प्रतिशत कर दिया है। निर्यात बढ़ाकर राजस्व का मुनाफा बढ़ाने की सोच से सरकार को कितना फायदा होगा इससे मंडी के अधिकारी भी अनभिज्ञ है। कांग्रेस राज्य सरकार ने 2021 में धान एवं चांवल के निर्यात में 5 प्रतिशत टैक्स बढ़ाने के बावजूद गुपचुप तरीके से पनप रहा व्यवसाय वर्तमान में 2 प्रतिशत होने के बाद भी वैसे ही फल-फूल रहा है। वर्ष 2021 से 2023 विधानसभा चुनाव के पूर्व मंडी टैक्स का हिसाब देखा जाए तो निर्यात का पूरा समीकरण सामने आ जाएगा। जानकारी के अनुसार पूर्व में 5 प्रतिशत टैक्स होने के बाद व्यापारी आयात निर्यात कर रहे थे। यह अलग बात है कि 5 गाडी माल के एवज में एक से दो गाडी का ही टैक्स मंडी को दिया करते थे। अब सरकार ने 2 प्रतिशत टैक्स कर दिया है तब भी व्यापारी 5 में 3 गाडी का मंडी टैक्स अदा कर रहे हैं। राज्य सरकार ने चांवल और धान के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए टेक्स कम किया है किन्तु इससे मंडी को फायदा होता नजर नहीं आ रहा है।

निर्यात में तेजी जरूर आई है किन्तु मंडी टैक्स बढ़ने संभावना नहीं दिखाई दे रही है। व्यापारी टैक्स में मिली छूट से अपनी जेब गर्म करने में जरूर लगे है।

### अवैध निकासी नहीं

मंडी अधिकारी चंद्राकर ने बताया कि बिना मंडी टैक्स के धान का निर्यात नही हो रहा है। चांवल में मंडी टैक्स नहीं है और चांवल के निर्यात से संबंधित कागजातो की जांच की जवाबदारी फूड इंस्पेक्टर की है।

# दिव्यांगता से ग्रसित रामजी ने पहली बार किया होम वोटिंग

**राजनांदगांव।** ग्राम आसरा निवासी 78 वर्षीय गंभीर दिव्यांगता से ग्रसित रामजी यादव ने घर में बिस्तर पर सहारे से बैठकर मतदान किया। जिले के ऐसे मतदाता जो वोट डालने बूथों तक जाने में सक्षम नहीं हैं, उन तक स्वयं निर्वाचन विभाग की टीम पहुंची है। इसमें से एक व्यक्ति ऐसा भी मिला, जो छोटे उम्र से ही दोनों पैरों से दिव्यांग है। जिसके कारण उन्हें मतदान केन्द्र में जाकर मताधिकार का प्रयोग करने में समस्याएं होती थी।

राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को है, लेकिन उससे पहले विशेष दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को होम वोटिंग के तहत मतदान कराया गया। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत गठित विशेष मतदान दलों द्वारा चिन्हांकित वृद्धजन एवं दिव्यांग मतदाताओं से डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया गया। ग्राम आसरा निवासी रामजी के घर मतदान दल पहुंचा, तो परिजनों ने मतदान अधिकारियों का अतिथियों जैसा स्वागत किया। रामजी ने बताया कि छोटे उम्र से ही उनका कमर के नीचे का हिस्सा नहीं चल पाता है। वे बिस्तर से नहीं उठ पाते हैं। इसके बावजूद वे प्रत्येक निर्वाचनों में लोकतंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने परिजनों के सहयोग से मतदान अवश्य करते थे। उन्होंने कहा कि बहुत अच्छा हुआ कि निर्वाचन आयोग द्वारा घर पर मतदान करने की सुविधा मिली है। पहले मतदान केन्द्र तक जाने में बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ता था। घर पर वोट करने की सुविधा से दिव्यांगजनों और बुजुर्ग व्यक्तियों के लिए लोकतंत्र में सहभागी बनना आसान हो गया है। रामजी ने निर्वाचन आयोग और मतदान अधिकारियों का घर पर मतदान कराने के लिए आभार व्यक्त किया।

# कृषि महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान




कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र छुईखदान के अधिष्ठाता डॉ. एके गुप्ता के मार्गदर्शन में स्वीप नोडल अधिकारी राजेश्वरी कुर्रे के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी कडी में रंगोली, मेहंदी, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया।

रंगोली प्रतियोगिता में प्रतीक झा प्रथम, मुकेश एवं योगबाला द्वितीय तथा पूजा साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में मुकेश प्रथम, हरिकृष्णा द्वितीय तथा प्रतीक तृतीय स्थान पर रहे। विद्यार्थियों ने विभिन्न आकृति बनाकर मतदान हेतु लोगों को प्रेरित किया। नोडल अधिकारी श्रीमति कुर्रे ने प्रस्तुति के माध्यम से सी विजिल एप्प के विषय पर सतर्क नागरिक बनने तथा आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत संबंधित जानकारी साझा किया।

मनरेगा कार्यस्थल पर श्रमिकों को मताधिकार के महत्व को बताते हुए शपथ दिलाई गई।इस मौके पर डॉ. बीएस असाटी, डॉ. चेतना जांगडे, डॉ. प्रज्ञा पाण्डेय, टामिन, डॉ. ओपी सोनवानी, डॉ. उत्तम, डॉ. एके नंदनवार, डॉ. पंकज, डॉ. परमेश्वर साहू, डॉ. एसए ढेंगे, डॉ. देवेन्द्र, डॉ. भावना, डॉ. कन्हैया आदि उपस्थित थे।

# अनुपयोगी सामान का करें जल्द निपटान

## आयुक्त ने वार्डों में पहुंचकर किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता मंगलवार सुबह लोहारपारा, भरकापारा, मठपारा क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त गुप्ता भरकापारा एसएलआरएम सेंटर पहुंचकर सेंटर प्रभारी से जानकारी लेकर हाजिरी रजिस्टर की जांच करते कहा कि सेंटर में एकत्रित अनुपयोगी सामान का जल्द निपटान करें, लोगों को समझाईस दें कि वे घर में ही कचरा पृथककरण करें और नियमित रूप से यूजर चार्ज दें। इसके अलावा एसएलआरएम सेंटर के कार्य का सुचारू संपादन करें।

इंदिरा सरोवर का निरीक्षण कर सरोवर के चारों ओर साफ-सफाई रखने, कटीली झाडियां काटने के निर्देश दिए। तालाब में गंदगी नहीं फैलाने लोगों को समझाईस दें, सरोवर के पास स्थित मंदिरों के आसपास साफ-सफाई रखे, सरोवर के पास के नाला की सफाई कराने निर्देशित किया। उन्होंने पुराना बस स्टैंड स्थित सुलभ शौचालय का निरीक्षण कर सुलभ में अव्यवस्था पर नियमानुसार कार्रवाई करने के साथ सुलभ में आवश्यक मरम्मत एवं साफ-सफाई के अलावा उपयोग करने वालों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने संबंधित को निर्देशित किया। उन्होंने स्वास्थ्य प्रभारियों से कहा कि बस स्टैण्ड सहित कैलाश नगर, मठपारा क्षेत्र में भी समुचित साफ-सफाई कराया जाए।

### सील होगी दुकानें

आयुक्त गुप्ता इंदिरा सरोवर के पास मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत निर्मित दुकानों के दुकानदारों से रूबरू होकर किराया जमा करने समझाईस देते कहा कि किराया जमा नहीं करने की स्थिति में दुकानें सील की जाएगी। साथ ही उक्त क्षेत्र में दुकानदारों द्वारा कूलर एवं अन्य सामान रोड में रखने पर सामान अंदर रखने समझाईस दी। उन्होंने कहा कि रोड में सामान न रखे अन्यथा जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

### कार्रवाई करने दिए निर्देश

उन्होंने इंदिरा सरोवर के पास मरम्मत कार्य की मांग पर कार्रवाई करने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। इसके अलावा भरकापारा में नाली निर्माण के लिए ठेकेदार को निर्देशित करने के अलावा परशुराम भवन में मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत निर्माणाधीन भवन विस्तार कार्य देख तकनीकी अधिकारियों से कहा कि चूंकि यह सामाजिक भवन है और यहां पर आए दिन आयोजन होते रहते हैं, इसे ध्यान में रखकर समाज वालों के अनुरूप निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करें।

### लाभार्थी महिलाओं का सम्मान



**डोंगरगढ़।** बूथ नंबर 135 में नव निर्मित शिव मंदिर के बाजू में महतारी वंदन सम्मान कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित जैन, सह संयोजक हरविंदर एस मंगे, पार्षद प्राची सोनी, बूथ प्रभारी सौमित्र सोनी एवं बूथ अध्यक्ष चंद्रेश वैष्णव, वीरेन्द्र ठाकुर, अमित छाबड़ा, वीरेंद्र साहू, बग्गा, संतोषराव अन्ना, किशोर रामटेके, गोपी चक्रधारी शामिल हुए। कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना की लाभार्थी महिलाओं का सम्मान किया गया।

हरिभूमि पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

Health Town
डॉ. टाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक |
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**राजनांदगांव।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में मतदान दिवस 26 अप्रैल को दिव्यांग रथ द्वारा दिव्यांग एवं 80+ आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं के लिए निःशुल्क परिवहन व्यवस्था की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने बीते दिनों कलेक्टोरेट परिसर से दिव्यांग रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उल्लखनीय है कि चिन्हांकित दिव्यांग एवं 80+ आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं द्वारा मांग करने पर मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान पश्चात वापस उनके आवास स्थल तक छोड़ने के लिए दिव्यांग रथ की निःशुल्क परिवहन व्यवस्था रहेगी। दिव्यांग रथ को 1950 नंबर में कॉल कर बुक किया जा सकता है।

### प्राण प्रतिष्ठा समारोह का समापन आज

**घुमका।** ठेलकाडीह के शीतला मंदिर के समीप श्री प्रेम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव बुधवार को आरंभ हुआ जिसका कल शुक्रवार को समापन होगा। कल शुक्रवार को सहस्त्रार्चन, पूजा, प्राण प्रतिष्ठा, यज्ञ, आहुति, महाआरती के बाद प्रसादी वितरण होगा। आयोजन के सर्वराकार पं. रेणुका प्रसाद दुबे एवं पं. लोकेश्वरानंद दुबे ने बताया कि मथुरा में स्थापित श्री प्रेम मंदिर का हूबहू रूप दिया गया है। मंदिर में पशुपतिनाथ राधा कृष्ण एवं पंचमुखी हनुमान की स्थापना की जा रही है।

### 19 सौ मतदान कर्मियों को सुबह मतदान सामग्री वितरण की गई

# मतदान दल रवाना, 380 बूथों में होगी वोटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला निर्माण के बाद पहली बार हो रहे लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान कराने वेयर हाऊस से मतदान दल कर्मियों और सामग्री वाहन को कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा एसपी त्रिलोक बंसल सहित अन्य अधिकारियों ने पूजा अर्चना बाद हरी झंडी दिखाकर मतदान केन्द्रों के लिए रवाना होंगे। वेयर हाऊस से जिले के 380 मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दल में शामिल 19 सौ मतदान कर्मियों को सुबह नौ बजे से मतदान सामग्री वितरण किया गया। सामग्री मिलान बाद दल को सुरक्षा कर्मियों के साथ रवाना किया गया।

सामग्री वितरण के लिए वेयर हाऊस के स्ट्रांग रूम 20 काऊंटर बनाया गया था जिसमें खैरागढ़ के लिए 15 और डोंगरगढ़ विधानसभा आंशिक के 97 मतदान केन्द्रों के लिए 5 काऊंटर बनाया गया था। मतदान दलों के लिए लगभग 85 वाहन आरक्षित कर 84 रूट तैयार किए गए है। इसमे खैरागढ़ के 283 केंद्रों के लिए 63 और डोंगरगढ़ विधानसभा के 97 मतदान केन्द्रों के लिए वाहन 21 रूट से रवाना हुए। वहीं खैरागढ़ के लिए 39 और डोंगरगढ़ के लिए 8 जोनल सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी में दल को किया रवाना

### 222358 मतदाता करेंगे मतदान, 89 केन्द्र अतिसंवेदनशील

विधानसभा क्षेत्र खैरागढ़ में 283 मतदान केन्द्रों में लोकसभा चुनाव में रिकार्ड 2 लाख 22 हजार 358 मतदाता मतदान में हिस्सा लेंगे। इसमें पुरुष मतदाता 1 लाख 11 हजार 304 और महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 11 हजार 54 है। डोंगरगढ़ विधानसभा के जिले में आने वाले 97 मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की कुल संख्या 71 हजार 694 है इसमे पुरूष 36 हजार 344 और महिला 35 हजार 350 है। खैरागढ़ जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 2,94,052 है। जिले के कुल में 89 मतदान केन्द्र अति संवेदनशील, 36 संवेदनशील, 88 राजनैतिक मामलों में संवेदनशील है। सामान्य मतदान केन्द्रों की संख्या 167 है। जिले में कुल 380 मतदान केन्द्र बनाया गया है।



### एक दर्जन से ऊपर संगवारी, 5 आदर्श, 1 दिव्यांग और 1 युवा मतदान केंद्र स्थापित

लोकसभा निर्वाचन को लेकर चुनाव आयोग अभिनव पहल करते हुए कुल 13 संगवारी मतदान केंद्रों की स्थापना की है, जहां महिला कर्मचारी मतदान की कमान संभालेंगी। इनमें मतदान केंद्र क्रमांक 149 बघमर्रा, 193 चंदैनी, 204 कांचरी, 235 लिमतरा, 259 संडी, 28 पाड़ादाह, 50 गाड़ाघाट, 53 बढ़ईटोला, 228 खैरागढ़, 153 छुईखदान 154 छुईखदान, 74 कोपेभाटा (गंडई), 79 पंडरिया (गंडई) शामिल हैं। वहीं 33 पैलीमेटा, 259 संडी, 228 खैरागढ़, 154 छुईखदान और 74 कोपेभाटा (गंडई) में आदर्श मतदान केंद्र बनाकर इन्हें विशेष तौर पर सुसज्जित व प्रबंधित किया गया है।

### सभी कर्मी दिव्यांग

मतदान केंद्र क्रमांक 262 अमलीपारा में दिव्यांग कार्मिक प्रबंधित मतदान केंद्र बनाया गया है, जहां मतदान प्रक्रिया पर तैनात सभी कर्मचारी दिव्यांग होंगे। युवा कार्मिक प्रबंधित मतदान केंद्र 230 खैरागढ़ बनाया गया है, जहां मतदान अधिकारी और मतदान प्रक्रिया को संपन्न करने वाले समस्त अधिकारी कर्मचारी युवा होंगे। सभी मतदान केंद्रों में प्रवेश द्वार लगाया जाएगा। वहीं मतदान बाद मतदाता अपने स्वयं का सेल्फी खींच सकें, इसलिए सभी मतदान केंद्र में सेल्फी जोन की व्यवस्था की गई है। गर्भवती और शिशुवती माताओं के लिए पृथक स्थल चिन्हांकित कर उचित बैठक व्यवस्था सहित छोटे बच्चों के लिए चॉकलेट और आंगनबाड़ी से खिलौना लाकर खेलने की सुविधा बनाई गई है। आदर्श, संगवारी, युवा प्रबंधित एवं दिव्यांग प्रबंधित मतदान केंद्रों में वोट डालने आए प्रथम 50 मतदाताओं का फूलमाला व तिलक से सम्मान किया जाएगा। तेज धूप व गर्मी को ध्यान में रखते हुए छांव के लिए पंडाल. कुर्सियां, कूलर, पंखा और ठंडा पानी के लिए सभी मतदान केंद्रों में मटका रखा जाएगा। प्रकाश व्यवस्था के लिए आवश्यकतानुसार बिजली सुनिश्चित रहेगी। केंद्र के सामने प्रांगण को गोबर से लिपाई कर रंगोली बनाया जाएगा।

# साई भक्त बनकर शिक्षक दंपत्ति से लूट लिया चार लाख के जेवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

स्थानीय मिसिया बाडा वार्ड 10 में दिनदहाड़े सांई भक्त बनकर चार लाख के जेवर लूटने का मामला सामने आया है। जानकारी अनुसार मिसिया बाड़ा वार्ड 10 निवासी शिक्षक दंपति राकेश टेंबुलकर के निवास पर सांई भक्त का डोला लेकर कुछ युवक पहुंचे। इस समय राकेश घर पर नहीं थे। उनकी पत्नी कंचन टेंभुरकर को डरा धमकाकर श्रद्धा के नाम पर चार लाख के जेवर लूट कर ले गए। घटना की पूरी रिकॉर्डिंग घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद भी हो गई। राकेश ने सोमवार को पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया। थाना प्रभारी श्री बघेल घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे का फुटेज निकाल लिया है। आरोपियों का अब तक पता नहीं चला। राकेश ने बताया कि पुलिस ने अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं किया है। आवेदन लेकर रख लिया है। शहर में यह पहली घटना है जब साई भक्त का डोला निकालकर ठगी की गई हो। सीसीटीवी कैमरे में आरोपियों के साथ जिस वाहन से आए थे दिखाई दे रहा है। वाहन मध्यप्रदेश में रजिस्टर्ड होना बताया जा रहा है।



### जल्द होगी गिरफ्तारी

टीआई सीआर चंद्रा ने बताया कि घटना संज्ञान में आई है। महिला ने स्वयं अपने जेवर उतार कर दिए हैं। लूट की घटना बनती है। एफआईआर दर्ज कर निश्चित कार्रवाई किया जाएगा। आरोपी जल्द ही गिरफ्तार होंगे।

# शिक्षा जीवन को संवारने में सबसे बड़ी मददगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़




इलिजियम स्कूल का सालाना परीक्षा परिणाम जिंप सभापति विप्लव साहू के मुख्य आतिथ्य में घोषित किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. अरुण भारद्वाज थे। अतिथियों के स्वागत बाद विधिवत परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।

मुख्य अतिथि विप्लव साहू ने शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा वो मंत्र है जो हमारे जीवन के सभी चुनौतियों और खुशियों के बारे में हमारे सभी संदेहों और डर को मिटाने में मदद करती है। यह वह यंत्र है जो हमें खुश और शांतिप्रिय बनाने के साथ ही बेहतर सामाजिक मनुष्य बनाती है।

कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ अरुण भारद्वाज ने कहा कि सभी के अंक बराबर नहीं होते इसमें निराश होने की आवश्यकता नहीं है यह बेहतर तरीके से तैयारी की सीख है जो आगे सफलता सुनिश्चित करती है। प्राचार्य माधुरी नामदेव ने बताया कि स्कूल का परीक्षा परिणाम सौ का सौ प्रतिशत रहा है। घोषित परिणामों मे नर्सरी में प्रथम काव्या साहू, द्वितीय जानवी देवांगन, क्रिशा साहू, केजी एक में प्रथम गगन देवांगन, रुद्रांश प्रजापति, द्वितीय ओमकार देवांगन, जेसीका देवांगन, केजी टू में प्रथम मुस्कान देवांगन, द्वितीय भावना देवांगन, कक्षा पहली में प्रथम खिलेश साहू, द्वितीय विराज रजक, कक्षा दूसरी में प्रथम सत्यम देवांगन, द्वितीय निष्कर्ष देवांगन, कक्षा तीसरी में प्रथम डीलेश्वरी देवांगन, द्वितीय निकिता पटेल, कक्षा चौथी में प्रथम एकता देवांगन, द्वितीय भूमिका साहू, कक्षा पांचवी में प्रथम आरव यदु, द्वितीय इशिका देवांगन, लक्ष्मणी यादव, कक्षा छठवीं में प्रथम रौनक जैन, द्वितीय युवराज राजपूत, कक्षा आठवीं में प्रथम रुपेश देवांगन, द्वितीय निशांत बर्मन रेह। इस दौरान नीलेश यादव, स्वप्निल तिवारी, शांति वर्मा, माया बर्मन, आंचल रजक, योगिता तंबोली, तनूजा वर्मा, शिवानी नामदेव, प्रिया, सोनम वैष्णव सहित शाला स्टाफ व अभिभावक मौजूद थे।

# घर-घर हल्दी-चावल देकर दिया आमंत्रण

## आमंत्रित करने की शुरूआत रेलवे कॉलोनी डोंगरगढ़ से

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने के लिए जिला प्रशासन द्वारा घर-घर हल्दी चावल देकर आमंत्रित किया जा रहा है। हल्दी-चावल का उपयोग भारतीय संस्कृति में बहुत ही अच्छा माना गया है। भारतीय संस्कृति में हर कार्यक्रम व त्यौहारों में पीले चावल में निमंत्रण दिया जाता है, इसलिए स्वीप टीम द्वारा हल्दी चावल यानी कि पीले चावल बांटे जा रहे हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान करने पहुंचे और लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में शामिल हो सके।

सीएमओ डोंगरगढ़ द्वारा सभी शासकीय कर्मचारियों के साथ मिलकर कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों का चिन्हांकन कर हल्दी-चावल देकर लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। जिससे नागरिक मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र में जाकर अपना बहुमूल्य वोट दे सके। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप सुरूचि सिंह के निर्देश पर जिले में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कार्य किए जा रहे हैं।




### कम मतदान क्षेत्रों को किया चिन्हांकित

जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने सीएमओ डोंगरगढ़ द्वारा सभी शासकीय कर्मचारियों के साथ मिलकर कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में टीम बनाकर हल्दी-चावल देकर आमंत्रित किया जा रहा है। उन्होंने रेलवे कॉलोनी डोंगरगढ़ के घर-घर जाकर आमंत्रित करने की शुरूआत किया है। डोंगरगढ़ नगर पालिका परिषद क्षेत्र में स्वीप टीम द्वारा कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों का चिन्हांकन कर घर-घर जाकर हल्दी-चावल देकर मतदान कर देश के सबसे बड़े पर्व में शामिल होने निमंत्रण दिया जा रहा रहा है। लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान करने के लिए नागरिकों को प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्हें लोकतंत्र की महत्ता के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी जा रही है। मतदान केन्द्र में पेयजल, छांव सहित अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराने के संबंध में जानकारी जनसामान्य को दी जा रही है।

# नेताओं ने कहा- संतोष को दिया गया प्रत्येक वोट मोदी को प्राप्त होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक शर्मा, खूबचंद पारख, सुरेश एच लाल, संतोष अग्रवाल, मधुसूदन यादव, अभिषेक सिंह, रमेश पटेल, संजय लोहिया ने एक संयुक्त बयान में क्षेत्र की जनता से संतोष पांडे को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील करते कहा कि संतोष पांडे को दिया गया एक-एक वोट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्राप्त होगा। जिससे देश के नवनिर्माण के स्वप्न को साकार किया जा सकेगा।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री श्री मोदी के दस वर्षो के कार्यकाल में हुए कार्यों को याद दिलाते हुए भाजपा नेताओं ने कहा कि कोरोना काल से 80 लाख परिवारों को निःशुल्क राशन दिया जा रहा है, दस करोड़ शौचालयों का निर्माण कराया गया, 25 करोड़ लोगों को गरीबीरेखा से बाहर निकाला गया, दस करोड़ माता-बहनों को उज्जवला गैस कनेक्शन दिए गए, चार करोड़ पक्के मकान बनाए गए। आयुष्मान योजना का लाभ 50 करोड़ लोगों को प्रदान किया गया। देश को पांचवी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाया गया, देश के जड़ में नस्तर लगा रही धारा 370 को हटाया गया, अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हुआ, तीन तलाक की कुप्रथा हटाई गई, सीएए लागू किया गया। इतना सब होने के बाद भी अभी देश को परम वैभव के शिखर पर ले जाने की कामना अधूरी है।

भाजपा नेताओं ने कहा कि आने वाले पांच वर्षों में मोदी ने देश को विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाने की गारंटी दी है। इसी प्रकार प्रत्येक घर में पाईप लाईन के जरिये रसोई गैस की आपूर्ति करने की योजना है, तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है, तीन करोड़ लोगों को पक्के मकान देने की मोदी गारंटी है, सूर्य योजना के तहत घरों के बिजली बिल को जीरो करने की महत्वकांक्षी योजना है। सभी वर्गो के 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड के तहत निःशुल्क ईलाज करने की बात है, युवाओं को मुद्रा लोन के तहत दी जा रही राशि बढ़ाकर 20 लाख रुपए देने की गारंटी है। ऐसे तमाम विषय है। जिससे देश का आर्थिक विकास तो होगा ही, भारत समृद्ध व मजबूत तो बनेगा ही। साथ ही गरीब, युवा, महिला व किसान के जीवन में भी बदलाव आएगा। संतोष पांडे को दिया गया आपका वोट सीधे मोदी को मिलने वाला है, अतः सब मिलकर कमल फूल छाप का बटन दबाएं।



### मतदान के क्षेत्र में नांदगांव जिले को बनाएं अव्वल : चौबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं मतदाता जागरूकता अभियान राजनांदगांव के ब्रांड एंबेसडर मृणाल चौबे ने जिले के सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हम भाग्यशाली हैं, जो भारत में रहते हैं। इस समय देश में मतदान दिवस मनाया जा रहा है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। राजनांदगांव जिला कला, संस्कृति, खेल सहित अन्य क्षेत्रों में अव्वल है। जिले के सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर मतदान के क्षेत्र में भी राजनांदगांव जिले को अव्वल बनाएं। उन्होंने कहा कि मैं अपने मताधिकार का प्रयोग करूंगा। उन्होंने जिले के सभी मतदाताओं से मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर राजनांदगांव जिले को मतदान के क्षेत्र में अव्वल बनाने का आग्रह किया है।

### कलेक्टर ने किया निरीक्षण, हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# मतदान दलों को सामग्री वितरित, पहुंचे केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

लोकसभा आम निर्वाचन राजनांदगांव क्षेत्र क्र. 06 के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्र. 78 मोहला-मानपुर के मतदान दलों को आज शासकीय लाल श्याम शाह महाविद्यालय मोहला में सामग्री वितरण किया गया। कलेक्टर एस. जयवर्धन ने मतदान दलों को वितरित किए जा रहे सामग्री वितरण का निरीक्षण किया।

इस दौरान कलेक्टर ने मतदान दलों को निर्देशित करते कहा कि मतदान केंद्र में निष्पक्षता से निर्वाचन कार्य को संपन्न कराने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान किसी प्रकार की समस्या होने पर अपने सेक्टर ऑफिसर से तत्काल संपर्क करें। उन्होंने कहा कि सुचारू रूप से निर्वाचन कार्य को संपन्न कराने में मतदान दल की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी मतदान दलों को बहुत ही गंभीरतापूर्वक निर्वाचन कार्य को संपन्न कराने में अपनी उपयोगिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि निष्पक्ष रूप से निर्वाचन कार्य को संपन्न कराएं।




इस दौरान पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह, अपर कलेक्टर विजेन्द्र सिंह पाटले, एसडीएम मोहला डॉ. हेमेन्द्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर अमितनाथ योगी, परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

### मोहला मानपुर में 237 मतदान केन्द्र

उन्होंने मतदान दलों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उल्लेखनीय है कि विधानसभा क्षेत्र क्र. 78 मोहला-मानपुर के अंतर्गत 237 मतदान केंद्र स्थापित किया गया है। प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए पीठासीन अधिकारी, मतदान दल क्र. 01, 02 एवं 03 नियुक्त किया गया है। साथ ही सुरक्षाकर्मी नियुक्त किया गया है। सभी मतदान दलों को मतदान केंद्र में उपयोग में आने वाले सामग्री वितरण किया गया है। सामग्री प्राप्ती के उपरांत मतदान दल द्वारा अपने निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रूट अनुसार रवाना हुए। सभी मतदान दल अपने निर्धारित मतदान केंद्र में पहुंचकर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कर मतदान कार्य संपन्न कराएंगे।

# संभागायुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक ने निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्टोरेट के एनआईसी कक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के संबंध में बैठक संपन्न हुई। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर संभागायुक्त ने मतदान की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मतदान केन्द्रों में छांव, पेयजल, प्रकाश, रैम्प सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा ने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए मतदान दिवस की तैयारी कर ली गई है। मतदान दलों को सामग्री का वितरण 25 अप्रैल को किया जाएगा। मतदान केन्द्रों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कार्य किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने बताया कि पत्तों के बने मंडप इकोफ्रेंडली मतदान केन्द्र भी बनाए जा रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6-राजनांदगांव के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## सार समाचार

### संत निरंकारी सत्संग भवन में रक्तदान शिविर



**राजनांदगांव।** संत निरंकारी सत्संग भवन लालबाग राजनांदगांव में 24 अप्रैल को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में भाई-बहनों ने 94 यूनिट रक्तदान किया, जिसे जिला चिकित्सालय में जमा करा दिया गया।रक्तदान करने निरंकारी मिशन के अनुयायियों के अलावा शहर के लोगों ने निःस्वार्थ रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में सत्संग का भी आयोजन किया गया था। खैरागढ़ के महात्मा संतोष मौर्या ने बताया कि आज हमारा हर कर्म मानवता की भलाई में होना चाहिए। उक्त जानकारी देते मीडिया प्रभारी मदनलाल नवलानी ने बताया कि डॉ. जगदीश सोनी के अलावा उनकी टीम ने सहयोग किया। रक्तदान करने वालों में बब्बू गिडलानी, नितिन भीमनानी, मयुर लालवानी, पप्पू लहरवानी, राहुल तेजवानी, दशरथ साहू, जस्सी वारके, विशाल वारके, बलीराम साहू, अमित पंजवानी, संतोष मौर्या, दास मदनलाल नवलानी, आकाश लालवानी शामिल हैं। उक्त दाताओं का सिंधी समाज के मन्नूमल मोटलानी, अर्जुनदास पंजवानी, बख्शामल अंदानी, ब्रम्हानंद बजाज एवं पप्पू भाई लहरवानी ने उत्साहवर्धन किया।

### कलेक्टर ने मतदान करने अपील की

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने जिले के सभी मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदान तिथि 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र पहुंचकर मताधिकार का उपयोग करने की अपील की है। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी मतदाता मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने में अपना सहयोग दें। मतदान करना अधिकार ही नहीं, बल्कि कर्तव्य भी है। आप अपने इस कर्तव्य का निर्वहन कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना योगदान करें।

### मतदान केंद्र में ग्रामीण परिवेश में बनाई गई झांकी



**राजनांदगांव।** जिले में लोकसभा निर्वाचन में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्र क्रमांक 225-प्राथमिक शाला भवन खुज्जी को आदर्श मतदान केन्द्र के रूप में विकसित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में कल 26 अप्रैल को होने वाले मतदान की तैयारियां पूरी हो गई है। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने बताया कि पूर्व में हुए निर्वाचन कार्यक्रम में कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों को आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया है। जिससे मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित एवं आकर्षित करने के लिए विभिन्न थीमों पर आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया है। थीम के अनुसार विभिन्न आदर्श मतदान केन्द्रों में आकर्षक साज-सज्जा किया गया है। मतदान केन्द्र क्रमांक 225-प्राथमिक शाला भवन खुज्जी ग्रामीण परिवेश की थीम पर आधारित है।
उल्लेखनीय है कि सांस्कृतिक धरोहर पर आधारित आदर्श मतदान केन्द्र क्रमांक 225-प्राथमिक शाला भवन खुज्जी को छत्तीसगढ़ की कृषि आधारित संस्कृति के आधार पर सजाया गया है। मतदान केन्द्र का प्रवेश द्वार बैलगाड़ी के चक्कों से सुसज्जित रहेगा एवं ग्रामीण परिवेश की झांकी बनाई गई है। जिसमें हल, बैलगाड़ी, पर्रा, टोकरी, झॉपी से सजाया गया है। साथ ही दीवाल में बस्तर आर्ट सबनाही बनाया गया है। आदर्श मतदान केन्द्र में ओआरएस काउन्टर, स्वीप प्याऊ में मटकों को आकर्षक रूप से सजाया गया है। मतदाताओं की सहायता के लिए वोटर असिस्टेन्ट बूथ को वोटर संगवारी केन्द्र नाम दिया गया है। संपूर्ण प्रांगण को बिहाव मंडप की तरह सजाया गया है एवं आकर्षक रंगोली भी बनाई गई है।

### आयोग ने जारी किया मतदान करने के लिए जरुरी दस्तावेज

# मतदाता बारह वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर कर सकेंगे मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे।

यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए हैं। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। जिसमें आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज एवं केंद्र सरकार, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों व डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई



द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड एवं सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड शामिल है। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे। प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत है, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

#### डाक मतपत्र से किया मतदान

**राजनांदगांव।** जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के साथ अनिवार्य सेवा में लगे व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का उपयोग डाक मतपत्र के माध्यम से किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में डाक मतपत्र के लिए जिला कार्यालय के क्रमांक 51 कक्ष में सुविधा केन्द्र बनाया गया था। 24 अप्रैल अंतिम दिवस शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों ने लाइन में लगकर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया। मोखला निवासी खिलेश्वरी साहू ने कहा कि बालोद जिले के शिक्षा विभाग में पदस्थ है। उनकी ड्यूटी मतदान अधिकारी क्रमांक-3 के रूप में लगी है। श्रीमती साहू ने कहा कि वे कलेक्टोरेट में बने सुविधा केन्द्र में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया है। मैंने मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में शामिल हुई हूं। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से मतदान केन्द्रों में जाकर मतदान कर लोकतंत्र के पर्व में शामिल होने आह्वान किया। सहायक ग्रेड-3 कमलेश जांगड़े, शिक्षक नितेश कुमार लोन्हारे, आरक्षक नितिन देवांगन, यतीश कुमार साहू, शत्रुहन लाल सोनकर ने भी डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर अपने दायित्वों के साथ जिम्मेदारी को भी निर्वहन किया है।

### राजा दिग्विजय दास की मनाई जयंती

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव रियासत के दानवीर राजा महंत दिग्विजय दास वैष्णव की 91वीं जयंती विश्व हिन्दू परिषद एवं जीवनदान सेवा संस्थान के सदस्यों द्वारा शीतला मंदिर स्थित राज परिवार के समाधि स्थल की साफ-सफाई कर मनाई गई। इस दौरान समाधि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान ओमप्रकाश अग्निहोत्री, राहुल बलदेव मिश्रा, सुनील सेन, सुशील लड्ढा, प्रशांत दुबे, महेंद्रलाल जंघेल, हरीश भानुशाली, भारत भूषण दास वैष्णव, अभय जंघेल, अविनाश, ऋषभ मल्ल, अमित चौहान, कमल साहू, शांतिलाल शांडिल्य, साकेत वैष्णव आदि उपस्थित थे।

### मतगणना 4 जून को

**राजनांदगांव।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत द्वितीय चरण में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत मतदान 26 अप्रैल को होगा। विधानसभा क्षेत्र पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी में मतदान सुबह 7 से शाम 6 बजे तक एवं मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदान सुबह 7 से अपरान्ह 3 बजे तक संपन्न होगा। मतगणना 4 जून को सुबह 8 बजे से होगी। 6 जून के पूर्व निर्वाचन संपन्न होगा।

## बढ़ती महंगाई से त्रस्त महिलाएं देश में कांग्रेस की सरकार बनाने संकल्पित

- बघेल का 421 गांव के बाद शहर में भी जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने संसदीय क्षेत्र के 421 गांव का तूफानी जनसंपर्क के बाद शहर में जीवंत संपर्क के दौरान कहा कि आज सर्वहारा वर्ग महंगाई से त्रस्त है। विशेषकर महिलाएं देश में कांग्रेस की सरकार बनाने संकल्पित है। किसान, मजदूर भी केंद्र में बदलाव के पक्षधर हो गए हैं। जनता को कांग्रेस के न्याय पत्र में विकास दिशा नजर आ रही है। कांग्रेस ने कुल 5 न्याय की गारंटी दिया है।

नारी न्याय, युवा न्याय, किसान न्याय, मजदूर न्याय और भागीदारी न्याय पांचों न्याय घोषित होने के बाद से ही देश के हर वर्ग के मतदाताओं के कांग्रेस नीतियों को सराहा है।

लोगों को कांग्रेस की सरकार में अपना भविष्य दिख रहा है। वर्तमान सांसद ने अपने 5 साल के कार्यकाल में इतने गांव का दौरा भी नहीं कर सके, ना जनता की सुध ली।

श्री बघेल ने कहा कि कांग्रेस ने महिलाओं को हर साल एक लाख और महीने में 8333 रुपए देने का वादा किया है। इसके साथ ही केंद्रीय भर्तियों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण का भी वादा कांग्रेस ने किया है। कांग्रेस की इस घोषणा के बाद महिला मतदाताओं का ध्रुवीकरण कांग्रेस की ओर हुआ है। महिलाएं देश में कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकार बनाने पहले चरण में मतदान किया है। शेष चरणों में कांग्रेस के पक्ष में मतदान का दृढ़ निश्चय किया है। इसी प्रकार मजदूरों को लगता है, कांग्रेस ने मनरेगा मजदूरों की मजदूरी 200 से बढ़ाकर 400 करने की बात की है, इससे देश के मजदूरों के जीवन स्तर में बदलाव आएगा।

शहर भ्रमण के दौरान शाहिद भाई, शहर अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा, महापौर हेमा देशमुख, जितेन्द्र मुदलियार, रूपेश दुबे, श्रीकिशन खंडेलवाल, दिनेश शर्मा, हफीज खान, अमित चंद्रवंशी, आसिफ अली आदि कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## देश में संपत्तियों का एक्स-रे करने की कांग्रेस ने रची साजिश : संतोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे 24 अप्रैल को राजनांदगांव में आयोजित जनसंपर्क रैली में शामिल होने के पूर्व गंडई व छुईखदान क्षेत्र का तूफानी दौरा करते कांग्रेस पर हमला बोलते कहा कि वोट बैंक की राजनीति करते-करते कांग्रेस हद से ज्यादा नीचे गिर गई है, अब देश में जाति के साथ-साथ कांग्रेस के बड़े नेता राहुल गांधी का यह बयान अत्यंत खतरनाक है। जिसमें उन्होंने कहा कि देश में संपत्तियों का एक्स-रे करेंगे।

इससे यह बात साफ हो जाती है कि कांग्रेस में तुष्टिकरण की राजनीति सिर चढ़कर बोल रही है और अब देश में फिर से अल्पसंख्यकवाद के नाम पर राष्ट्र की संपत्ति का बंदरबाट होने वाला है। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार

#### संपत्ति छीन लेगी कांग्रेस

श्री पांडे ने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के सम्पत्ति वितरण को लेकर अमेरिका के शिकागो में दिए गए बयान का जिक्र करते कहा कि कांग्रेस की असली मंशा सामने आ गई है। सबसे पहले कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र में और अब सैम पित्रोदा का बयान, जिसमें उन्होंने कहा कि अमेरिका की तरह संपत्ति का बंटवारा होना चाहिए, मतलब यह कि अगर किसी के पास 100 रुपए है तो उसे मात्र 45 रुपए ही मिलेंगे, 55 रुपए सरकार ले लेगी।

श्री पांडे ने कहा कि एक तरफ मोदी है, जो लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत कर देश को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं। वहीं कांग्रेस लोगों की कमाई जब्त कर अपना विकास करना चाहती है। श्री पांडे ने कहा कि मुसलमानों का देश के संसाधनों पर पहला हक वाला मनमोहन सिंह का बयान अनायास ही नहीं आया था। इसी दौरान कोशिश हो रही थी कि अनुसूचित जाति की सूची में मुसलमानों को भी जोड़ा जाए, सरकारी नौकरियों में मुसलमानों को अलग से 15 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए, ओबीसी आरक्षण को धर्म के आधार पर बांटकर मुसलमानों को 6 प्रतिशत अलग से दिया जाए। मुसलमानों को संसाधनों पर पहला हक देने का बयान के पूर्व इसकी प्रक्रिया चल रही थी। रिटायर्ड चीफ जस्टिस और कांग्रेस नेता व सांसद रंगनाथ मिश्रा अपनी रिपोर्ट में लिख रहे थे कि मुसलमानों में भी जातियां है, इसलिए उन्हें भी अनुसूचित जाति माना जाए एवं उनको भी आरक्षण दिया जाए। श्री पांडे ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के बयान के ठीक 30 दिन पहले सच्चर कमेटी की रिपोर्ट आई थी। जिसमें देश में यह गलतफहमी पैदा करने की कोशिश की गई थी कि मुसलमानों की हालत दलितों से भी ज्यादा बदतर है।

## बहुसंख्यक समाज की भावनाओं का कांग्रेस ने नहीं ली सुध : विजय शर्मा



**राजनांदगांव।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा और भाजपा प्रदेश महामंत्री भरतलाल वर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल पर तुष्टीकरण और भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल को वोट देना यानी नवाज खान, मो. अकबर, एजाज ढेबर को वोट देने जैसा ही है। कवर्धा में भगवा ध्वज के अपमान, बिरनपुर में भुनेश्वर साहू की बर्बरतापूर्ण हत्या और राजनांदगांव जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व जिलाध्यक्ष नवाज खान के भ्रष्ट कारनामों का हवाला देकर भाजपा नेताद्वय ने दो टूक कहा है कि भूपेश बघेल को वोट देने का सीधा मतलब है कि छत्तीसगढ़ को लूटने वालों को वोट देना।

शर्मा ने कहा कि पांच सालों तक सरकार चलाते समय कांग्रेस की सरकार भूपेश बघेल ने नहीं, बल्कि मो. अकबर और ढेबर ने चलाई है। अकबर-ढेबर की जो सरकार चली है, तो उस समय क्या-क्या अंधेरगर्दी मची थी, यह सब जान रहे हैं। किस तरह से कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति परवान चढ़ी थी, यह भी सब जानते हैं। उन्होंने कवर्धा में भगवा ध्वज के अपमान की याद दिलाते कहा कि उस समय बहुसंख्यक समाज की भावनाओं व आस्था की सुध लेने वाला कोई नहीं था। बिरनपुर में मॉब लिंचिंग कर भुनेश्वर साहू की बर्बर हत्या की घटना की भी कोई सुध लेने वाला नहीं था। मुख्यमंत्री रहते बघेल और उनके मंत्रियों ने पीड़ितों और परिजनों को कभी नहीं पूछा और सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करते रहे, तुष्टिकरण की राजनीति करते रहे।

#### नवाज ने हड़पी किसानों की जमीन : भरत

भाजपा प्रदेश महामंत्री वर्मा ने भ्रष्टाचार को लेकर बघेल और उनकी पिछली सरकार को घेरा। राजनांदगांव जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान के भ्रष्ट कारनामों का जिक्र करते श्री वर्मा ने कहा कि यह सभी को पता है कि भूपेश बघेल के नवाज खान से बेहद करीबी रिश्ते रहे हैं और कई मामलों में नवाज खान के विरुद्ध मामले भी दर्ज हैं। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के कई लोगों की जमीन हड़पने के आरोप नवाज पर हैं। कई लोगों पर अत्याचार करना, गुंडागर्दी करने के आरोप भी नवाज पर लगते रहे हैं और यह चर्चा का विषय रहा कि भूपेश बघेल का संरक्षण होने की वजह से उन पर कोई कार्रवाई नहीं होती।

### खपरीकला में धूमधाम से मना भगवान हनुमान जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खपरीकला में शिव महावीर चमत्कारी सेवा समिति द्वारा संचालित मंदिर में लेटे हुए भगवान हनुमान विराजित है, श्रद्धा भक्ति के साथ जन्मोत्सव मनाया गया। श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर खपरीकला में शिव महावीर चमत्कारी सेवा समिति द्वारा संचालित श्री हनुमान मंदिर में भगवान हनुमान लेटे हुए मुद्रा में है, विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। सुबह से देर शाम तक यहां भक्तों की उपस्थिति बनी रही। उक्त मंदिर में दूरदराज से भी बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए।

### सार्वजनिक अवकाश आज

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत राजनांदगांव जिले सहित कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में मतदान दिवस 26 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।







## भूपेश ने प्रदेश को किया अपमानित : मधुसूदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



पूर्व सांसद एवं राजनांदगांव लोकसभा भाजपा के चुनाव संचालक मधुसूदन यादव ने कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर आरोप लगाते कहा कि पांच साल तक अपनी सरकार के दौरान भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को पूरे देश में अपमानित करने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान महादेव सट्टा एप, शराब, कोल, गोबर, खनिज में भ्रष्टाचार करने से लेकर पीएससी में गड़बड़ी कर युवाओं के भविष्य से खेलने का काम भूपेश बघेल ने किया है। भूपेश के राज में उनके करीबी नेताओं ने जंगलराज चलाने का काम किया। अधिकारी-कर्मचारियों को धमकाया गया, अब फिर से नांदगांव में वह जंगलराज वापस नहीं लाना है, बल्कि भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के जरिये हमें देश में मोदी के नेतृत्व वाली मजबूत रकार लाना है।

पूर्व सांसद यादव ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी पांडे ने राजनांदगांव लोकसभा का मान बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि चाहे रेलवे सुविधा की बात हो या फिर राजनांदगांव में सड़कों का जाल बिछाना हो, हर काम में सांसद के तौर पर संतोष पांडे ने राजनांदगांव लोकसभा का विकास करने का काम किया है। देश में प्रधानमंत्री मोदी ने जिस रफ्तार से जनकल्याणकारी योजनाओं को संचालित किया, उसी रफ्तार से सांसद रहते पांडे ने भी जल जीवन मिशन, मनरेगा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम आवास योजना का लाभ हर जरूरतमंद को दिलाने का काम किया है।

#### भूपेश ने की नांदगांव की उपेक्षा

पूर्व सांसद श्री यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री रहते भूपेश बघेल ने हमेशा राजनांदगांव की उपेक्षा करने का काम किया है। 2018 में चुनाव से पहले बीएनसी मील को शुरू करने का वादा उनके तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की उपस्थिति में कांग्रेसियों ने किया था, लेकिन उस मील को शुरू करने के बजाय राजनांदगांव जिले से तीन सरकारी कार्यालयों को ही दुर्ग शिफ्ट करने का काम भूपेश बघेल ने किया। इसके अलावा महतारियों से भी सरकार बनने से पहले हर महीने 500 रुपए देने का वादा भूपेश बघेल ने किया था, परन्तु पांच साल एक रुपए भी नहीं दिया।



कलेक्टर ने वेबकास्टिंग मॉनिटरिंग कक्ष से मतदान केन्द्रों का लिया जायजा

# जिले के 402 मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग के माध्यम से होगी निर्वाचन की हर गतिविधियों की मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र अंतर्गत कबीरधाम जिले के दोनों विधानसभा पंडरिया और कवर्धा के मतदान केन्द्रों मे वेबकास्टिंग के माध्यम से निर्वाचन की हर गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। जिले के 402 मतदान केन्द्र के अंदर और बाहर सीसी टीवी कैमरा लगाया गया है, जिसके माध्यम से मतदान केन्द्र के अंदर और बाहर हो रहे कार्यो की मॉनिटरिंग होगी। इसके लिए कृषि उपज मंडी में वेबकास्टिंग मॉनिटरिंग कक्ष बनाया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने वेबकास्टिंग मॉनिटरिंग कक्ष से मतदान केन्द्रों के स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मतदान केन्द्रवार वहां किए गए व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओं संदीप कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे। भारत निर्वाचन आयोग के अनुपालन में कुल मतदान केन्द्रों के 50 प्रतिशत 402 मतदान केन्द्रों में वेब कांस्टिग की जा रही है। विधानसभा 71 पंडरिया में 197 एवं 72 कवर्धा में 205 मतदान केन्द्र वेब कांस्टिग किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र के 82 और ग्रामीण क्षेत्र के 320 मतदान केन्द्र में वेब कांस्टिग हो रहा है। लोकसभा निर्वाचन 2024 के द्वितीय चरण में छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र अंतर्गत कबीरधाम जिले में 26 अप्रैल 2024 को मतदान होगा।

मतदान दिवस से पहले 23 अप्रैल को 10 प्रतिशत 41 मतदान केन्द्र में परीक्षण किया गया। इसके बाद 24 अप्रैल से सभी मतदान केन्द्रों में वेब कांस्टिग प्रारंभ हो गया है। वेब कांस्टिग के निगरानी के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित की गई है, इसके साथ ही निर्वाचन आयोग से भी वेब कांस्टिग के माध्यम से निगरानी रखी जा रही है।



### चयनित प्रत्येक मतदान केन्द्रों में 2-2 कैमरे लगाए गए

जिले के चयनित प्रत्येक मतदान केंद्र में 2-2 कैमरे लगाए गए है, जिसमें एक कैमरा मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार पर स्थापित किए गए है। इस कैमरे से मतदान के लिए कतार में लगे मतदाताओं की वेबकास्टिंग की जाएगी। दूसरा कैमरा मतदान केंद्र के अंदर वोटिंग बॉक्स के ठीक सामने इस तरह स्थापित किए गए है, जिससे वेबकास्टिंग में केवल मतदाता मतदान बॉक्स के अंदर मतदान करते दिखाई दे और ईवीएम मशीन न दिखाई दे। कैमरा मतदान के दिन मॉक पोल से लेकर मतदान समाप्ति तक चालू रहेगी। मतदान केन्द्र में मतदाताओं के दृश्यता वाले स्थानों पर "आप सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हैं" लिखा पोस्टर चस्पा किए गए है।

# चार हजार कर्मचारी ईडीसी से करेंगे मतदान, टीचर्स एसोसिएशन ने मतदान का किया आव्हान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने लोकसभा निर्वाचन-2024 में जिले के समस्त शिक्षकों से आज सपरिवार मतदान कर लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने का आव्हान किया है, एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन ड्यूटी में मतदान दल में मतदान अधिकारी के रूप में नियुक्त शिक्षक व कर्मचारी-अधिकारी इस बार निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र के माध्यम से मतदान करेंगे, एसोसिएशन को प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में इस बार लगभग चार हजार कर्मचारीगण ईडीसी अर्थात निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र के माध्यम से मतदान करेंगे, जिसमें कवर्धा विधासभा के लगभग दो हजार पांच सौ तथा पंडरिया विधानसभा के एक हजार चार सौ कर्मचारी व शिक्षक शामिल हैं।

### ईडीसी क्या है और कब जारी होता है

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि यदि कोई कर्मचारी निर्वाचन कर्तव्य पर नियुक्त होने के कारण अपने मतदान केन्द्र में मत देने में असमर्थ हो तो ऐसे कर्मचारी को मतदान के दिन अपने कर्तव्यरूढ़ मतदान केन्द्र या उस निर्वाचन क्षेत्र के किसी भी मतदान केन्द्र में मतदान करने के लिए ईडीसी अर्थात इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट जारी किया जाता है, इसके लिए निर्वाचन कर्तव्य पर नियुक्त कर्मचारी को प्रारूप 12 क में रिटर्निंग अधिकारी के नाम ईडीसी के लिए आवेदन देना होता हैद्व, तत्पश्चात रिटर्निंग अधिकारी प्रारूप 12ख में निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र जारी कर निर्वाचन क्षेत्र के किसी भी मतदान केन्द्र में मतदान करने की स्वीकृति देता है।

### ईडीसी व डाक मतपत्र में अंतर

चुनाव ड्यूटी पर तैनात वे सभी लोग, जो उस स्थान पर मतदान नहीं कर सकते, जहां मतदाता सूची में उनका नाम दर्ज है, तो उन्हें ईडीसी या डाक मतपत्र जारी किया जाता है, यदि किसी कर्मचारी की चुनाव ड्यूटी उसी चुनाव क्षेत्र में लगती है, जहां का वह मतदाता है, तो उन्हें ईडीसी के माध्यम से मतदान की सुविधा दिया जाता है, इस सुविधा के तहत वह ईडीसी के माध्यम से उसी मतदान केन्द्र में मतदान कर सकता है, जहां उसे ड्यूटी के लिए लगाया गया है, यदि किसी कर्मचारी की ड्यूटी उस चुनाव क्षेत्र में लगती है, जहां का वह मतदाता नहीं है, तो उसे डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की सुविधा प्रदान किया जाता है।

## हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर श्री रामकथा महोत्सव 23 से 27 अप्रैल 2024 तक ज्ञान विज्ञान धाम बसनी

**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम बसनी ज्ञान विज्ञान धाम में अत्यंत हर्ष पूर्वक सूचित किया जा रहा है कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष अभी हमारे ग्राम बसनी में हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर पांच दिवसी श्रीराम कथा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसमें कथा व्यास आसन पर विराजमान होंगे आस्था एवं संस्कार चैनल के विश्व विख्यात विद्वान मानस महारथी पंडित से निर्मल शुक्ला महाराज की कथा को सुनकर इस कार्यक्रम में आसपास के लोग पहुंचकर अपने जीवन का किरदार कर रहे हैं निवेदक सुभाष पांडे व्यवस्थापक बोल बम समिति ज्ञान विज्ञान धाम व समस्त ग्रामवासी बसनी।

# देर रात तक स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय आदर्श मतदान केंद्र का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




श्री महोबे ने 25 अप्रैल गुरूवार को देर शाम कवर्धा स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय आदर्श मतदान केंद्र का अवलोकन किया, और आज होने वाले लोकसभा निर्वाचन मतदान की तैयारियों की जानकारी ली। जनकारी के अनुसार इस विद्यालय में 4 मतदान बूथ बनाये गए है। सभी में वेबकास्टिंग के माध्यम से मॉनिटरिंग की गया है। इसके अलावा जिले के 402 मतदान बूथ की भी मॉनिटरिंग की। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ सन्दीप अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, नपा अधिकरी कवर्धा नरेन्द्र वर्मा सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

## मतदान अधिकारियों का किया स्वागत...




**पण्डरिया।** पंडरिया विधान सभा के मतदान केंद्र क्रमांक 12 भाकुर में ग्राम वासियों द्वारा मतदान अधिकारियों का स्वागत किया गया।

# छूट से व्यापारियों को लाभ, मंडी की आय में अपेक्षित वृद्धि नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

भाजपा सरकार ने मंडी शुल्क को 5 प्रतिशत से कमकर 2 प्रतिशत कर दिया है। निर्यात बढ़ाकर राजस्व का मुनाफा बढ़ाने की सोच से सरकार को कितना फायदा होगा इससे मंडी के अधिकारी भी अनभिज्ञ है। कांग्रेस राज्य सरकार ने 2021 में धान एवं चांवल के निर्यात में 5 प्रतिशत टैक्स बढ़ाने के बावजूद गुपचुप तरीके से पनप रहा व्यवसाय वर्तमान में 2 प्रतिशत होने के बाद भी वैसे ही फल-फूल रहा है। वर्ष 2021 से 2023 विधानसभा चुनाव के पूर्व मंडी टैक्स का हिसाब देखा जाए तो निर्यात का पूरा समीकरण सामने आ जाएगा। जानकारी के अनुसार पूर्व में 5 प्रतिशत टैक्स होने के बाद व्यापारी आयात निर्यात कर रहे थे। यह अलग बात है कि 5 गाडी माल के एवज में एक से दो गाडी का ही टैक्स मंडी को दिया करते थे। अब सरकार ने 2 प्रतिशत टैक्स कर दिया है तब भी व्यापारी 5 में 3 गाडी का मंडी टैक्स अदा कर रहे हैं। राज्य सरकार ने चांवल और धान के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए टेक्स कम किया है किन्तु इससे मंडी को फायदा होता नजर नहीं आ रहा है।

निर्यात में तेजी जरूर आई है किन्तु मंडी टैक्स बढ़ने संभावना नहीं दिखाई दे रही है। व्यापारी टैक्स में मिली छूट से अपनी जेब गर्म करने में जरूर लगे है।

### अवैध निकासी नहीं

मंडी अधिकारी चंद्राकर ने बताया कि बिना मंडी टैक्स के धान का निर्यात नही हो रहा है। चांवल में मंडी टैक्स नहीं है और चांवल के निर्यात से संबंधित कागजातो की जांच की जवाबदारी फूड इंस्पेक्टर की है।

# दिव्यांगता से ग्रसित रामजी ने पहली बार किया होम वोटिंग

**राजनांदगांव।** ग्राम आसरा निवासी 78 वर्षीय गंभीर दिव्यांगता से ग्रसित रामजी यादव ने घर में बिस्तर पर सहारे से बैठकर मतदान किया। जिले के ऐसे मतदाता जो वोट डालने बूथों तक जाने में सक्षम नहीं हैं, उन तक स्वयं निर्वाचन विभाग की टीम पहुंची है। इसमें से एक व्यक्ति ऐसा भी मिला, जो छोटे उम्र से ही दोनों पैरों से दिव्यांग है। जिसके कारण उन्हें मतदान केन्द्र में जाकर मताधिकार का प्रयोग करने में समस्याएं होती थी।

राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को है, लेकिन उससे पहले विशेष दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को होम वोटिंग के तहत मतदान कराया गया। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत गठित विशेष मतदान दलों द्वारा चिन्हांकित वृद्धजन एवं दिव्यांग मतदाताओं से डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया गया। ग्राम आसरा निवासी रामजी के घर मतदान दल पहुंचा, तो परिजनों ने मतदान अधिकारियों का अतिथियों जैसा स्वागत किया। रामजी ने बताया कि छोटे उम्र से ही उनका कमर के नीचे का हिस्सा नहीं चल पाता है। वे बिस्तर से नहीं उठ पाते हैं। इसके बावजूद वे प्रत्येक निर्वाचनों में लोकतंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने परिजनों के सहयोग से मतदान अवश्य करते थे। उन्होंने कहा कि बहुत अच्छा हुआ कि निर्वाचन आयोग द्वारा घर पर मतदान करने की सुविधा मिली है। पहले मतदान केन्द्र तक जाने में बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ता था। घर पर वोट करने की सुविधा से दिव्यांगजनों और बुजुर्ग व्यक्तियों के लिए लोकतंत्र में सहभागी बनना आसान हो गया है। रामजी ने निर्वाचन आयोग और मतदान अधिकारियों का घर पर मतदान कराने के लिए आभार व्यक्त किया।

# कृषि महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान




कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र छुईखदान के अधिष्ठाता डॉ. एके गुप्ता के मार्गदर्शन में स्वीप नोडल अधिकारी राजेश्वरी कुर्रे के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी कडी में रंगोली, मेहंदी, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया।

रंगोली प्रतियोगिता में प्रतीक झा प्रथम, मुकेश एवं योगबाला द्वितीय तथा पूजा साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में मुकेश प्रथम, हरिकृष्णा द्वितीय तथा प्रतीक तृतीय स्थान पर रहे। विद्यार्थियों ने विभिन्न आकृति बनाकर मतदान हेतु लोगों को प्रेरित किया। नोडल अधिकारी श्रीमति कुर्रे ने प्रस्तुति के माध्यम से सी विजिल एप्प के विषय पर सतर्क नागरिक बनने तथा आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत संबंधित जानकारी साझा किया।

मनरेगा कार्यस्थल पर श्रमिकों को मताधिकार के महत्व को बताते हुए शपथ दिलाई गई।इस मौके पर डॉ. बीएस असाटी, डॉ. चेतना जांगडे, डॉ. प्रज्ञा पाण्डेय, टामिन, डॉ. ओपी सोनवानी, डॉ. उत्तम, डॉ. एके नंदनवार, डॉ. पंकज, डॉ. परमेश्वर साहू, डॉ. एसए ढेंगे, डॉ. देवेन्द्र, डॉ. भावना, डॉ. कन्हैया आदि उपस्थित थे।

# अनुपयोगी सामान का करें जल्द निपटान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता मंगलवार सुबह लोहारपारा, भरकापारा, मठपारा क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त गुप्ता भरकापारा एसएलआरएम सेंटर पहुंचकर सेंटर प्रभारी से जानकारी लेकर हाजिरी रजिस्टर की जांच करते कहा कि सेंटर में एकत्रित अनुपयोगी सामान का जल्द निपटान करें, लोगों को समझाईस दें कि वे घर में ही कचरा पृथककरण करें और नियमित रूप से यूजर चार्ज दें। इसके अलावा एसएलआरएम सेंटर के कार्य का सुचारू संपादन करें।

इंदिरा सरोवर का निरीक्षण कर सरोवर के चारों ओर साफ-सफाई रखने, कटीली झाडियां काटने के निर्देश दिए। तालाब में गंदगी नहीं फैलाने लोगों को समझाईस दें, सरोवर के पास स्थित मंदिरों के आसपास साफ-सफाई रखे, सरोवर के पास के नाला की सफाई कराने निर्देशित किया। उन्होंने पुराना बस स्टैंड स्थित सुलभ शौचालय का निरीक्षण कर सुलभ में अव्यवस्था पर नियमानुसार कार्रवाई करने के साथ सुलभ में आवश्यक मरम्मत एवं साफ-सफाई के अलावा उपयोग करने वालों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने संबंधित को निर्देशित किया। उन्होंने स्वास्थ्य प्रभारियों से कहा कि बस स्टैण्ड सहित कैलाश नगर, मठपारा क्षेत्र में भी समुचित साफ-सफाई कराया जाए।

**उत्तराधिकार प्रमाण पत्र के फैसले के बारे में समंस**
सिविल प्रोसिजर कोड आर्डर- रूल्स 1 और 5
**न्यायालय- पल्लव रघुवंशी, द्वितीय व्यवहार वर्ग-1 कबीरधाम (कवर्धा) जिला कबीरधाम (छत्तीसगढ़)**
उत्तराधिकार प्रकरण क्र. 04/2024
पेशी तारीख 22.06.2024
प्रोसेस नंबर - 293/24

सुनील साहू वगै....... आवेदकगण
विरूद्ध
शाखा प्रबंधक व अन्य... अनावेदकगण
बनाम :- आम जनता ( जिनका संबंध है )

एतद द्वारा आम जनता (जिस किसी का इस याचिका में कोई हित हो) को सूचित किया जाता है कि ओवदकगण सुनील साहू वगैं. ने मृतक श्री स्व. राजकुमार साहू के जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव शाखा कुण्डा, जिला कबीरधाम छ.ग. में बचत खाता के अंतर्गत मिलने वाली राशि 1,25,441.20 /- रूपये (एक लाख पच्चीस हजार चार सौ इक्कचालीस रूपये बीस पैसा) को प्राप्त करने हेतु आवेदकगण सुनील साहू वगै. के नाम से प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु इस न्यायालय में धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के अंतर्गत वाद पेश किया है।

उक्त मामले में इस न्यायालय में दिनांक 22.06.2024 को दिन के 11.00 बजे सुनवाई होगी अतः आम जनता जिनका इस याचिका में कोई हित हो उक्त सुनवाई तिथि में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये है और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह भी निर्देशित किया जाता है कि आप उस दिन सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें, जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो मामले की सुनवाई और उसका अवधारणा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

यदि पेशी तारीख को अवकाश हो अथवा किसी कारणवश अदालत बंद रहती है तो उस दिन की सुनवाई आगामी कार्यदिवस को होगी।

आज तारीख 10 माह 04 सन 2024 को इस अदालत की मोहर से जारी किया गया।

( पल्लव रघुवंशी )
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01
मुहर जिला - कबीरधाम (कवर्धा) छ.ग.

# लाभार्थी महिलाओं का सम्मान



**डोंगरगढ़।** बूथ नंबर 135 में नव निर्मित शिव मंदिर के बाजू में महतारी वंदन सम्मान कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित जैन, सह संयोजक हरविंदर एस मंगे, पार्षद प्राची सोनी, बूथ प्रभारी सौमित्र सोनी एवं बूथ अध्यक्ष चंद्रेश वैष्णव, वीरेन्द्र ठाकुर, अमित छाबड़ा, वीरेंद्र साहू, बग्गा, संतोषराव अन्ना, किशोर रामटेके, गोपी चक्रधारी शामिल हुए। कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना की लाभार्थी महिलाओं का सम्मान किया गया।

### धूमधाम से मनाया हनुमान जन्मोत्सव

**बोईरडीह।** खैरागढ़ विकासखंड की ग्राम पंचायत बोईरडीह में जय हनुमंते मानस मंडली एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम सुबह भगवान हनुमान के अभिषेक के बाद विधि विधान से पुजा अर्चना किया गया। समिति के लोगों सहित भक्तों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। दोपहर को समिति ने रामायण की प्रस्तुति दी। इस मौके पर अध्यक्ष बालमुकुंद वर्मा ने कहा कि सभी को हनुमान जी की तरह कोमल हृदय मृदभाषी तथा समर्पित होकर कार्य करना चाहिए।

ज्योतिषी
(अंतर्राष्ट्रीय तांत्रिक सम्राट)
बना बनाया काम बिगड़ना, ऊपरी हवा, पति पर स्त्री के वस में होना, शराब छुड़ने की गारंटी, वशीकरण मोहनी की गारंटी के साथ घरेलू समस्या, बच्चों का मन पढ़ाई में न लगना, शादी विवाह में अड़चन, प्रेम विवाह, सभी समस्या का निवारण, तंत्र-मंत्र वैदिक पद्धिति के द्वारा स्थायी हल।
पता- दीपक महाराज
रायपुर नाका, घोठिया रोड ज्योति विद्या मंदिर हाईस्कूल के पीछे कवर्धा
Mo. 9300415345

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

**खबर संक्षेप**

### गांव का प्रवेश द्वार जर्जर सताने लगा हादसे का डर

**कवर्धा।** जनपद पंचायत कवर्धा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरबसपुर के सतनाम प्रवेश द्वार नेशनल मार्ग किनारे स्थित है, जहां ग्राम पंचायत द्वारा सन 1997-98 में सतनाम प्रवेश द्वार का निर्माण कराया गया। ताकि ग्राम पंचायत और गांव का नाम रोशन हो सके, लेकिन समय-समय पर मरम्मत व सुधार नहीं होने के कारण प्रवेश द्वारा जर्जर हो चुका है अनदेखी के कारण अब सतनाम प्रवेश द्वार के छड़ दिखाई देने लगे है प्लास्टर उखड़ चुका है। और मोटी मोटी दरारे नजर आ रहा है ऐसे में प्रवेश द्वार कभी भी भरभरा कर गिर सकता है।

# कबीरधाम जिले में द्वितीय चरण का मतदान आज, 653224 मतदाता करेंगे अपना मताधिकार का प्रयोग

■ लोकतंत्र के महापर्व में सभी सहभागिता निभाते हुए मतदान अवश्य करें : कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

लोकतंत्र के महापर्व में 26 अप्रैल को राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र अंतर्गत कबीरधाम जिले के अंतर्गत विधानसभा कवर्धा और पंडरिया के 6 लाख 53 हजार 224 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। भारत निर्वाचन अयोग के अनुपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के निर्देश पर कबीरधाम जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी मतदान के लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई है।
जिले के 804 मतदान दल मतदान समाग्री प्राप्त कर अपने-अपने मतदान केन्द्र सुरक्षित पहुंच चुकें है। जिले के सभी मतदान केन्द्रों में सुबह 7 बजे से मतदान शुरू होगी, जो शाम 6 बजे तक चलेगी। श्री महोबे ने कहा कि 26 अप्रैल को जिले के सभी मतदाता मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना है और आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी को सहभागिता निभाते हुए मतदान करना है। सभी की सहभागिता से हम जिले में इस लक्ष्य को जरूर हासिल करेंगे। जिले में 804 मतदान केन्द्र हैं और कुल मतदाताओं की संख्या 6 लाख 53 हजार 224 है। इसमें 3 लाख 25 हजार 244 पुरूष मतदाता, 3 लाख 27 हजार 978 महिला मतदाता और 02 थर्ड जेंडर मतदाता है। इसमें 6 हजार 517 दिव्यांग मतदाता, 85 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिक की संख्या 2 हजार 668 और 18 से 19 वर्ष के युवा मतदाता की संख्या 23 हजार 637 है। जिले में जेंडर रेसियों 1008 है। सर्विस मतदाताओं की संख्या 136 है। 100 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 88 मतदाता है।





**मतदान केन्द्रों में दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिक के लिए विशेष सुविधा**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक 80 प्लस आयु वर्ग के मतदाताओं को मतदान दिवस के दिन मतदान केन्द्र पहुंचने सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कबीरधाम जिले में दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक 80 प्लस मतदाताओं के लिए 527 मतदान केन्द्रों को चिन्हांकित किया गया है। इन 527 मतदान केन्द्रों में 199 निःशुल्क परिवहन की व्यवस्था की गई है। जिले के सभी 804 मतदान केन्द्रों में दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक 80 प्लस के लिए विशेष इंतजाम किया गया है। मतदान केन्द्र तक पहुंचने के लिए सभी मतदान केन्द्रों में व्हील चेयर भी रखा गया है। आयोग के निर्देश पर यह व्यवस्था की गई है। दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं को मुख्य मार्ग से मतदान केन्द्र और मतदान केन्द्र से अंदर जाने के लिए व्हील चेयर व्यवस्था की गई है।

## 804 मतदान केन्द्रों के लिए मतदान कार्मियों को किया रवाना

# मतदान दल उत्साह से मतदान कार्य को करें संपादित: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

लोकतंत्र के महापर्व में राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के लिए 26 अप्रैल को होने वाले स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी मतदान के लिए कबीरधाम जिले के विधानसभा क्षेत्र 71-पंडरिया और 72 कवर्धा के 804 मतदान केन्द्रों के लिए कृषि उपज मंडी बिलासपुर रोड़ कवर्धा में सामग्री वितरण कर मतदान दलों को रवाना किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने मतदान दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिले में मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित है। सभी कार्यों की वीडियोग्राफी कराई गई है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे। लोकतंत्र के महापर्व में हजारों की संख्या में ड्यूटी में तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों ने उत्साह के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। मतदान सामाग्री का वितरण सुव्यवस्थित रूप से करने के लिए जिले के दोनां विधानसभा पंडरिया एवं कवर्धा के लिए स्ट्रांग रूम के सामने बनाएं गए 20-20 अलग-अलग कांउटर से मतदान सामाग्री का मतदान केन्द्रवार मिलान कर वितरित किया गया। मतदान सामग्री स्थल पर महिला मतदान कर्मियों की सुविधा के लिए विशेष ध्यान रखा गया। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त छांया, पानी की व्यवस्था की गई थी। स्वास्थ्य विभाग की टीम समाग्री वितरण केन्द्र पर तैनात थी। आवश्यकता पड़ने पर तत्काल स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा रही थी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने बताया कि राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के कबीरधाम जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांति पूर्ण निर्वाचन कार्य संपादित करने के लिए जिले के एक सहायक मतदान केन्द्र मिलाकर 804 मतदान केन्द्रों के लिए 75 सेक्टर आफिसर का बनाया गया है। मतदान सामग्री का वितरण सुव्यवस्थित रूप से करने के लिए जिले के दोनों विधानसभा पंडरिया एवं कवर्धा के लिए 20-20 कुल 40 काउंटर बनाए गए थे। इसके लिए काउंटर प्रभारी एवं सहायक 200 कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई थी। भारत निर्वाचन अयोग के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार कबीरधाम जिले में मतदान 26 अप्रैल शुक्रवार को प्रातः 7 बजे से शुरू होगा। जिले के कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में 411 मतदान केन्द्र के लिए गठित 411 मतदान दल को समाग्री का वितरण किया गया। इसी प्रकार पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के 393 मतदान केन्द्र के लिए गठित 393 मतदान दल को सामाग्री वितरण किया किया गया। राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र-06 के अंतर्गत कबीरधाम जिले के दोनो विधानसभा में 42 आदर्श मतदान केन्द्र बनाएं गए है। विधानसभा-71 पंडरिया में 21 और विधानसभा-72 कवर्धा में 21 आदर्श मतदान केन्द्र बनाएं गएं है।

जिले में 20 महिला मतदान केन्द्र, दो दिव्यांग मतदान केन्द्र और 10 युवा मतदान केन्द्र भी बनाएं गए है। खास बात यह है कि इन सभी 20 महिला मतदान केन्द्र में पीठासीन से लेकर मतदान दल क्रमांक 1, 2 और 3 सभी महिला कर्मचारी है। इसी प्रकार इन दोंनो विधानसभा क्षेत्र में 1-1 मतदान केन्द्र दिव्यांग और 1-1 मतदान केन्द्र युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र बनाया गया है। दिव्यांग मतदान केन्द्र में सभी अधिकारी-कर्मचारी दिव्यांग है। इसी प्रकार युवा प्रबंधित मतदान केन्द्रों में युवा अधिकारी है।

**निर्वाचन कार्य कराने के लिए 75 सेक्टर मजिस्ट्रेट**



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री महोबे ने बताया कि जिले के अंतर्गत कवर्धा और पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचन कार्य कराने के लिए 75 सेक्टर मजिस्ट्रेट की नियुक्त की गई है। पंडरिया में 37 सेक्टर अधिकारी और कवर्धा में 38 सेक्टर अधिकारी है। 804 मतदान दलों के लिए 187 रूट चार्ट भी तैयार किया गया है। कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों के लिए 97 रूट और पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों को मतदान केन्द्र पहुंचाने के लिए 90 रूट बनाएं गए है। भारत निर्वाचन आयोग के अनुपालन में कुल मतदान केन्द्रों के 50 प्रतिशत 402 मतदान केन्द्रों में वेब कांस्टिग की जा रही है। विधानसभा-71 पंडरिया के 197 एवं 72 कवर्धा के 205 मतदान केन्द्र वेब कांस्टिग किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र के 82 और ग्रामीण क्षेत्र के 320 मतदान केन्द्र में वेब कांस्टिग की जा रही है। राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में कुल 15 अभ्यर्थी एवं नोटा 01 कुल 16 है।

## लोकसभा निर्वाचन 2024 को भय मुक्त, स्वतंत्र, शांतिपूर्ण सुरक्षित ढंग से संपन्न कराये जाने निकाला गया फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

डॉ. अभिषेक पल्लव, पुलिस अधीक्षक कबीरधाम के निर्देशन में जिला पुलिस कबीरधाम के द्वारा जिला मुख्यालय एवं प्रमुख कस्बों में जिला पुलिस बल, सीआरपीएफ, एमपीएसएपी, डीआरजी के जवानों के द्वारा लोकसभा निर्वाचन को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित मौहाल संपन्न कराये जाने हेतु लोगों को अपील करते हुए फ्लैग मार्च निकाला गया। जिला मुख्यालय में प्रमुख चौक-चौराहों एवं मोहल्लों में जवानो ने पैदल मार्च करते हुए भय मुक्त होकर मतदान करने लोगों को अपील किया गया। जिला मुख्यालय के अतिरिक्त विकासखंड पण्डरिया, बोड़ला, सहसपुर लोहारा तहसील मुख्यालय पिपरिया, कुण्डा, चिल्फी, तरेगांव, रेंगाखार में भी फ्लैग मार्च की कार्यवाही किया गया। इसके पूर्व भी समय-समय पर कस्बो एवं प्रमुख ग्रामों में जाकर फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने आमजनों से जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील किया भ्रामक खबरों से बचने व मतदान करने की अपील की। फ्लैग मार्च में शामिल पुलिस कर्मी व अर्द्धसैनिक बलो के जवानों द्वारा शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न मार्गो का भ्रमण किया। साथ ही सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाले अफवाह जैसे किसी तरह की खबरों से बचने की अपील की गयी। जिले में अर्द्धसैनिक बलों की कंपनियां पहुंच चुकी है, शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव करवाये जाने को लेकर सुरक्षा के मद्देनजर हर स्तर पर तैयारी की जा रही है, सुरक्षा को लेकर मतदान केंद्रों में अर्द्धसैनिक बलों के जवानों व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति किया गया है। कबीरधाम पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालकर लोगों से शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान में शामिल होने की अपील किया है।



**प्रमुख चौक चौरहों से गुजरा फ्लैग मार्च**

फ्लैग मार्च कवर्धा कोतवाली थाना से प्रारंभ हुआ जो कवर्धा शहर के वीरस्तंभ चौक, एकता चौक, दर्री पारा, मेन बाजार, लोहारा नाका, परशुराम चौक, गंगा नगर, एसपी आफिस, युनियन चौक, राजमहल चौक सहित विभिन्न चौक-चौराहों में फ्लैग मार्च निकाला गया। उसके बाद फ्लैग मार्च संवेदनशील मतदान क्षेत्रों से होते हुए थाना पिपरिया क्षेत्र की ओर रवाना होकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाया गया।

**ग्राम कुकरापानी इको फ्रेंडली मतदान केन्द्र पर्यावरण के अनुकुल सुसज्जित होकर शत-प्रतिशत मतदान के लिए दिया संदेश**



**हरिभूमि कवर्धा।** राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र अंतर्गत कबीरधाम जिले के बैगा बाहूल क्षेत्र ग्राम कुकरापानी में पर्यावरण के अनुकुल इको फ्रेंडली आदर्श मतदान केन्द्र बनाकर ग्रामवासियों को शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया जा रहा है। मतदान केन्द्र को बांस टहनियों, पत्तियों, बिरनमाला, गुलमोहर की फुल सहित बैगा संस्कृति और परम्पराओं से सजाया गया है। इसमें प्लास्टिक का बिल्कुल भी उपयोग नहीं किया गया है। मतदान केन्द्र को पर्यावरण के अनुकुल सुसज्जित किया गया है। मतदान केन्द्र के अंदर जाने वाले रास्तों के दोनो तरफ पेड़-पौधों सहित स्थानीय वनोपज की पत्तियों को लगाकर सजाया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के निर्देश पर पीने के पानी के लिए मटका, मिट्टी का गिलास रखे गए हैं। श्री महोबे ने बताया कि इन मतदान केंद्रों की स्थापना में किसी भी प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया गया है और मतदान केंद्रों को पर्यावरण-अनुकूल सामग्री से सुसज्जित किया गया है। ये पर्यावरण-अनुकूल इको फ्रेंडली मतदान केंद्र न केवल मतदाताओं को आकर्षित करेंगे और उनकी शत-प्रतिशत निर्वाचन में भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही इको फ्रेंडली मतदान केंद्र पर्यावरण के प्रति लोगों को आकर्षित करने के साथ मतदान अधिकारियों को पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं को अपनाने के लिए आकर्षित करेगी। ।

## हनुमान जन्मोत्सव पर सामूहिक सुन्दर काण्ड का पाठ-संस्कृति महिला ग्रुप ने किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭पण्डरिया

संस्कृति महिला ग्रुप के द्वारा मंगलवार 23 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर सुंदरकांड का सामूहिक पाठ आयोजित किया गया। जिसमें नगर की प्राचीन जमात मंदिर स्थित हनुमान जी के मंदिर में संपन्न हुआ। वही हिंदू पंचांग के मुताबिक प्रत्येक वर्ष चैत्र माह की पूर्णिमा तिथि के दिन हनुमान जयंती का पर्व पूरे हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया जाता है। यह पर्व रामनवमी के 6 दिन के बाद मनाया जाता है, हनुमान जन्मोत्सव के दिन पूरी श्रद्धा के साथ पवन पुत्र हनुमान जी की पूजा, अर्चना, पाठ, आरती, भंडारा आदि किया जाता है। इस पर्व पर संस्कृति महिला ग्रुप के द्वारा सुंदरकांड का पाठ, हनुमान चालीसा, राम रक्षा स्त्रोत का सामूहिक पाठ किया गया एवं महा आरती करने के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। हनुमान जन्मोत्सव के आयोजन में ग्रुप से उर्वशी चंद्रवंशी शैल बिसेन, अर्चना ठाकुर, श्वेता श्रीवास्तव, दीदी केसरी वैष्णव, सुष्मिता श्रीवास्तव, किरण शर्मा, कविता चंद्रवंशी, सोनम साहू, वर्षा रजक, अनुराग ठाकुर, प्रफुल्ल बिसेन, शंकर चंद्रवंशी, गोविंद रजक सहित बडी संख्या मं आम नागरिक जन उपस्थित थें।



## नगर पिपरिया में श्रीहनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मना

हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया

मंगलवार को छोटे बाजार नगर पिपरिया में श्रीहनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया, चारो तरफ उत्साहपूर्ण, भक्तिपूर्ण वातावरण बना हूआ था।
सभी मन्दिरो एवं हनुमान मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई है जहा प्रातः से रात्रि तक श्रद्धालुओ का तांता लगा रहा उन्होंने पूरी श्रद्धा एवं भक्ति-भाव के साथ पूजा -अर्चना किए हनुमान चालीसा एवं सुंदर काण्ड का भी किया गया, भजन-कीर्तन चलते रहा, वही छोटे बाजार स्थित हनुमान मंदिर में पूरी-सूजी का हलुआ एवं फल केला का प्रसाद वितरण किया गया।
जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओ द्वारा प्रसाद ग्रहण किए।



## आदर्श आचरण संहिता के दौरान किया स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंटों की तामिली

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम पुलिस डा अभिषेक पल्लव ने लोकसभा निर्वाचन 2024 आदर्श आचार संहिता के दौरान 29 स्थायी वांरट एवं 392 गिरफ्तारी के वांरटियों के खिलाफ जिला क्षेत्र के निगरानी, गुण्डा बदमाशों के विरूद्ध शत प्रतिशत कार्यवाही किये जाने एवं सकुनत से फरार आपराधियों की पतासाजी किया जाकर विरूद्ध जारी लंबित स्थायी वारंट एवं गिरफ्तारी वारंट की तामिली किये जाने विशेष अभियान चलाये जाने सभी पुलिस अनुविभागीय अधिकारी एवं थाना-चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त निर्देशों के पालन में थाना एवं पुलिस चौकी प्रभारियों द्वारा आदर्श आचरण संहिता के दौरान 29 स्थायी वांरट एवं 392 गिरफ्तारी वारंट के वांरटियों की पतासाजी कर उक्त वांरटो की तामिली कराया जाकर वांरटियों को माननीय न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।



**किसी भी व्यक्ति की गतिविधि संदेहास्पद लगने पर थाना व कंट्रोल रूम को तत्काल सूचित करें**

## लोकसभा चुनाव : होटल, ढाबा व बस स्टैंड में निरंतर जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में अवैध गतिविधियों के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम डा अभिषेक पल्लव के निर्देश पर पुलिस द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर, इसी तारतम्य में जिले के सभी थाना एवं चौकी द्वारा होटल एवं ढाबों की जांच तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। जांच के दौरान होटल के संचालको को निर्देशित किया गया है कि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति के आगमन पर, ठहरे हुए व्यक्ति की गतिविधि संदेहास्पद लगने पर थाना को तत्काल सूचित करें एवं ठहरने वाले व्यक्तियों का आईडी प्रूफ प्राप्त करने पर ही रुकने की अनुमति देवे। इसके साथ ही चेक इन और चेक आउट का नियमित रजिस्टर संधारण करने हेतु भी बताया गया। जांच में होटल एवं ढाबा संचालकों को यह भी निर्देशित किया गया कि अवैध मदिरा का संव्यवहार न हो तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि होने पर अथवा अपने आस-पास के क्षेत्रों में अवैध मदिरा के विक्रय, परिवहन एवं धारण करने वालो कि तत्काल सूचना कबीरधाम पुलिस के कंट्रोल रूम व सम्बंधित थाना को सूचित करें। जिला कबीरधाम अंतर्गत संचालित सभी होटलों एवं ढाबो में कबीरधाम पुलिस की पैनी नजर है एवं निरंतर जांच की जा रही है, ताकि किसी तरह का कोई लड़ाई-झगड़ा, शराब पिलाना, गुंडागर्दी एवं अन्य अवैध गतिविधियां न हो सके। पुलिस अधीक्षक ने सभी होटल एवं ढाबा संचालको को हिदायत दी है कि जिला अंतर्गत स्थित किसी भी होटल, ढाबा एवं लॉज में गैर-कानूनी ढंग से यदि कुछ भी पाया जाता है तो संबंधित संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## जोत-जंवारा का धूमधाम से निकाला और किया विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया

गुरूवार को नगर पिपरिया में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री सिद्धपीठ ठाकुरदेव पिपरिया में चैत्र नवरात्रि में जोत-जंवारा रखा गया जो की अष्टमी के दिन बिरही का कार्यक्रम एवं रामनवमी के दिन एकम का कार्यक्रम था जहां 62 मनोकामना जोत प्रज्वलीत किया गया था अष्टमी का कार्यक्रम बुधवार को विधिवत पूजा -अर्चना, हवनकर महाभंडारा का आयोजन रखा गया था।

जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी एवं क्षेत्रवासी ठाकुरदेव का दर्शनकर प्रसाद ग्रहण किया और नवमी के दिन विधिवत पूजा-अर्चना कर जोत जंवारा को पिपरिया नगर स्थित शंकर तालाब में बाजा गाजा के साथ विसर्जन किया गया।

जहां मुख्य पुजारी एवं पंडा श्रवण साहू एवं सहयोगी पंडा विष्णु साहू और गोपाल साहू, टेकराम जिसमें यजमान महेश साहू एवं महाभंडारे के दिन सिद्धिविनायक समिति के सभी सदस्य द्वारा स्वेक्षा से श्रमदान किया गया।